हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

**तापमान**

अधिकतम 28.8 डिग्री

न्यूनतम 25.2 डिग्री



कश्यप कालोनी की ओर जाने वाली सड़क पर नाले के ऊपर रखा ढक्कन क्षतिग्रस्त हो गया है।

## बदली-बारिश-धूप से मिलाजुला रहा मौसम



**बिलासपुर।** शहर में बुधवार का मौसम मिलाजुला रहा। सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे और सुबह दस बजे से बारिश शुरू हो गई। बारिश तेज तो नहीं थी, लेकिन सड़क पर आवागमन करने वालों को भिगाने के लिए पर्याप्त थी। इधर दोपहर बाद बदली छंटने के बाद धूप भी खिल गई, जिससे उमस से लोगों को परेशान होना पड़ा। मौसम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। पल-पल में मौसम का मिजाज परिवर्तित हो रहा है। बुधवार की सुबह से आसमान में काले बादल छाए रहे। बादलों को देखकर तेज बारिश की संभावना जाहिर की जा रही थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सुबह दस बजे हल्की फुहार शुरू हुई बारिश तेज नही थी, लेकिन सड़क पर आवागमन कर रहे लोगों को बारिश से बचने छाते व रेनकोट का सहारा लेना पड़ा। बारिश व बूंदाबांदी का सिलसिला दोपहर बारह बजे तक चलता रहा, लेकिन इसके बाद बारिश थम गई व मौसम भी साफ हो गया। दोपहर दो बजे के करीब धूप भी निकल आई, जिससे मौसम में नमी आ गई व उमस से लोगों को परेशान होना पड़ा। मौसम में लगातार परिवर्तन के कारण शहर में वायरल फीवर की चपेट में आकर लोग बीमार भी हो रहे हैं। अस्पतालों में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

### 24-24 लाख की मशीन धूल खा रही : सरकार ने खरीदी बंद की तो ठंडे बस्ते में चली गई योजना

#### प्रदेशभर की 40 यूनिट पड़ी हैं बंद

प्रदेशभर के 51 गौठानों में गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की यूनिट लगाने की योजना थी। इसमें लगभग 40 गौठानों के यूनिट शुरू हो गए थे और कुछ जगहों पर यूनिट निर्माण का काम चल रहा था। खबर है कि प्रदेश में सरकार बदलने के बाद इन 40 गौठानों के यूनिट में भी ताले लग गए हैं और वहां पर भी गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने का काम बंद हो गया है।





## गुड़ गोबर हुई प्राकृतिक पेंट बनाने की योजना, चार यूनिट पर लटका ताला

अंजनी तिवारी ⏭ बिलासपुर

खास खबर

जिले में गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की योजना ठप हो गई है, सरकार ने पेंट की खरीदी क्या बंद की, अब पेंट बनाने का कान्सेप्ट ही गायब हो गया है। हालत यह है कि जिले के चार गौठानों में गोबर से पेंट बनाने की स्थापित की गई यूनिट पर 24-24 लाख रुपए की महंगी मशीनें धूल फांक रही हैं। योजना ठप होने से अब इन सेंटरों और यहां लगाई गई मशीनों का क्या होगा, कोई इन प्रश्नों के उत्तर नहीं दे पा रहा है।

छत्तीसगढ़ में पिछली सरकार में गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की योजना लाई गई थी। इसके लिए चयनित गौठानों में गोबर से पेंट बनाने की यूनिट स्थापित की गई थी। बिलासपुर जिले के बिल्हा अंतर्गत मॉडल गौठान सेलर सहित कोटा ब्लॉक के रानीगांव, मस्तूरी ब्लॉक के गतौरा व नगर निगम अंतर्गत मोपका स्थित गौठान में लाखों रुपए खर्च कर गोबर से पेंट बनाने की यूनिट लगाई गई थी, जहां पर 24-24 लाख रुपए महंगी मशीनें लगाई गई थीं। इस कार्य में महिला स्वसहायता समूहों को लगाया गया था और महिला स्वसहायता समूहों सहित ग्रामीणों को इससे अच्छा रोजगार भी मिल रहा था। पिछली सरकार के समय गाय के गोबर से बने प्राकृतिक पेंट से सभी सरकारी भवनों को रंगने के निर्देश जारी किए थे। इससे गौठानों में गोबर से जो प्राकृतिक पेंट बनते थे, उनकी सप्लाई पीडब्लूडी, आरईएस, स्कूल शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग आदि शासकीय विभागों में होता था। इस तरह से पूरी मार्केटिंग की व्यवस्था बनी हुई थी और सरकार के विभाग ही इस प्राकृतिक पेंट को खरीदते थे। लेकिन सरकार बदलने के बाद नई सरकार ने इस योजना पर ध्यान देना बंद कर दिया और गोबर खरीदी भी बंद हो गई तथा सरकारी विभागों ने पेंट खरीदना भी बंद कर दिया। बिलासपुर जिले के सेलर, गतौरा, रानीगांव व मोपका चारों गौठानों में लगाए गए यूनिट भी बंद हो गई हैं और वहां पर गोबर से पेंट बनाने का काम ठप हो गया है। इनमें से कुछ जगहों पर पेंट बनाने की रॉ मटेरियल सहित गोबर से तैयार किए गए पेंट भी पड़े हुए हैं।



#### एक साल में 17 लाख के पेंट की बिक्री

जिले के बिल्हा ब्लॉक के सेलर, कोटा ब्लॉक के रानीगांव और मस्तूरी ब्लॉक के गतौरा व नगर निगम एरिया के मोपका गौठान स्थित चारों यूनिट में गाय के गोबर से हजारों लीटर पेंट तैयार किया गया। करीब सालभर में ही करीब 10 हजार 15 लीटर गोबर पेंट की बिक्री की गई, जिससे 16 लाख 93 हजार 953 रुपए प्राप्त हुआ। इससे इस काम में लगे महिला स्वसहायता समूहों को 6 लाख 26 हजार 268 रुपए का लाभ मिला था। बताया जा रहा है कि गाय के गोबर से बने प्राकृतिक पेंट की क्वालिटी अच्छी थी और यह बाजार में मिलने वाले अन्य पेंट से भी किफायती कीमत पर मिल रहा था।

#### ऐसे बनता था गोबर से प्राकृतिक पेंट

इन गौठानों में स्थित पेंट बनाने की यूनिट में पूरी व्यवस्था बनाई गई थी। इसके लिए पहले गाय की गोबर इकट्ठा किया जाता था और उसे यूनिट वाले गौठानों में लाया जाता था। इसके बाद गोबर को साफ करके एक मशीन में डालकर पतला किया जाता था। गोबर का पेस्ट बनाने के लिए मशीन में पानी और गोबर को बराबर मात्रा में डाला जाता था। पेस्ट बनाने के बाद इसे दूसरी मशीन में डाला जाता था। फिर एक मशीन में पेस्ट को डालकर इसे बारीक पाउडर में बदलकर ब्लीचिंग टैंक में डाला जाता था। यहां इसे 100 डिग्री तक गर्म किया जाता था और इसमें हाइड्रोजन पैरोक्साइड और कास्टिक सोडा मिलाया जाता था, जिससे इसका रंग भूरे से सफेद हो जाता था और इसकी अशुद्धियां दूर हो जाती थी। इसके बाद इसमें रंग मिलाकर अलग-अलग रंग के पेंट तैयार किए जाते थे।

#### बंद है पेंट बनाने का काम

गौठानों में गोबर से पेंट बनाने की योजना पूर्व में चालू हुई थी। जिले में भी चार गौठानों में इसके यूनिट लगाई गई थी, लेकिन फिलहाल वहां पर गोबर से पेंट बनाने का काम बंद है, बाकी अन्य गतिविधियां गौठानों में संचालित हो रही है।

**- संदीप कुमार अग्रवाल**
सीईओ, जिला पंचायत

#### मार्केटिंग कौन करेगा, तय नहीं

गाय के गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने के लिए जिले में चार गौठानों में यूनिट लगाए थे। फिलहाल ये सभी यूनिट बंद पड़े हैं और वहां पर गोबर से पेंट बनाने का काम भी नहीं हो रहा है। इन यूनिटों में रॉ मटैरियल तो है और महिला स्वसहायता समूहों द्वारा गोबर की भी व्यवस्था हो जाएगी, किन्तु मार्केटिंग की व्यवस्था कौन करेगा, क्योंकि पहले इन यूनिटों में बने पेंट सरकारी विभागों में सप्लाई होती थी।

**- डॉ. आनंद रघुवंशी,** नोडल अधिकारी

## प्रतिबंधित कफ सिरप बेचने वाले युवक को 10 साल कैद

**बिलासपुर।** कोर्ट ने प्रतिबंधित कफ सिरप बेचने वाले युवक को 10 साल कैद व 1 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है।

13 अप्रैल 2024 को सिविल लाइन थाना के एसआई अवधेश सिंह को सूचना मिली कि बाइक सवार एक युवक प्रतिबंधित कफ सिरप रखकर बिक्री करने जा रहा है। उन्होंने सिपाहियों के साथ रिंग रोड टू पत्रकार कालोनी मोड़ पर घेराबंदी कर बाइक क्रमांक सीजी 10 क्यू, 1130 में सवार हेमूनगर बंधवापारा वाम्बे आवास निवासी अख्तर अली उर्फ छोटू पिता नूर अली को पकड़ लिया। थैले की तलाशी लेने पर 63 नग प्रतिबंधित कफ सिरप मिला था। एसआई श्री सिंह ने 21 एनडीपीसी एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। 19 अगस्त को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस कु. पुष्पलता मारकण्डे ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोपी अख्तर अली उर्फ छोटू को 10 साल कैद व 1 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। जुर्माना की राशि नहीं पटाने पर 4 माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी।



1 लाख रुपए जुर्माना भी

### गाड़ी धीरे चलाने कहने पर विवाद


## ई-रिक्शा चालक ने युवती के साथ की मारपीट

**बिलासपुर।** गाड़ी धीरे चलाने कहने पर ई रिक्शा चालक ने गाड़ी रोककर युवती के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने हमलावर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

19 अगस्त को सिरगिट्टी धूमा की रहने वाली एक युवती सहेलियों के साथ भारतीनगर गई थी। काम निपटाने के बाद वह सहेलियों के साथ चौक से ई रिक्शा क्रमांक सीजी 10 बीटी, 3588 में बैठकर घर जा रही थी। युवती ने चालक को ठीक से गाड़ी चलाने कहा तो पेट्रोल पंप के पास गाड़ी खड़ी कर चालक युवती के साथ गाली गलौज करने लगा, फिर गाड़ी से बत्ता निकालकर मारपीट करने लगा। उनकी सहेली व भाई ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी धक्का मुक्की की गई। उसके बाद जान से मार देने की धमकी देकर गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।





# हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम

**प्रथम पुरस्कार**



सोने की अंगूठी



भारती दुबे

**द्वितीय पुरस्कार**



मिक्सर ग्राइंडर



गुलापा बाई

**तृतीय पुरस्कार**



डिनर सेट



आशा दुबे

**चतुर्थ पुरस्कार**



इलेक्ट्रिक आयरन



नीतु रानी पाल

## विशेष पुरस्कार के विजेताओं के नाम



योगिता, मनोरमा कौशिक, प्रियंका पाण्डेय, नितु कुमारी, बर्षा मोहंती

## सांत्वना पुरस्कार के विजेताओं के नाम (बिलासपुर)



साक्षी कर्ष, मंजू शर्मा, शिवम सौजन्या, श्रेया विश्वकर्मा, नेहा कौशिक, एंजलीना थामस, अनुसा दुबे, अंकिता कौशिक, पूजा कौशिक

नीलम शर्मा, युविका कश्यप, व्ही. भावना, किरण जायसवाल, तनिश्का कुमार, अनुपमा जायसवाल, संगीता साहू, वैभवी, अंजनी साहू

डॉ. पूनम सिंह, प्रसूति देवी कौशिक, मिनाक्षी दुबे, सिमरन जीत कौर, लेखनी जाधव, गीतिका सोनी, संगीता मरकाम, सुरीन्दर कौर छाबड़ा, उर्मिला यादव

### बिलासपुर जिला



अपूर्वा कौशिक, रश्मि क्षत्रीय, प्रणीता दुबे, अंजली कौशिक, अंकिता तिवारी

पलक शर्मा, राजेश्वरी कौशिक, किरण शर्मा, वैष्णवी शर्मा, सुरभी शुक्ला

### मुंगेली जिला



सवीता केशरवानी, सीमा शर्मा, पायल वाधवानी, आंचल पटेल, एश्वर्या यादव

श्रृंखला शर्मा, प्रियंका साहू, सुनीता राय, श्वेताम्बरी मिश्रा, कामिनी पटेल

**पुरस्कार वितरण की सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी पढ़ते रहिए हरिभूमि ...**

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




आयोजन

## छत्तीसगढ़ के प्रमुख पारंपरिक खानपान किताब का विमोचन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के 18वें कार्यालय स्थापना दिवस पर तिफरा की बेटी लेखिका सुमित्रा साहू 'सिम्मी' द्वारा लिखित प्रथम छत्तीसगढ़ी किताब छत्तीसगढ़ के प्रमुख पारंपरिक खानपान का भव्य विमोचन न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सासंद बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य विधायक शामिल रहे। राजभाषा आयोग द्वारा आयोजित इस किताब विमोचन में प्रदेश के सभी जिलों से आये छत्तीसगढ़ी एवं अन्य स्थानीय बलियों के साहित्यकार की उपस्थिति रही। इसमें प्रकाशित छत्तीसगढ़ी साहित्यकारों के किताबों का विमोचन किया गया, जिसके तहत 10 छत्तीसगढ़ी साहित्य का प्रकाशन राजभाषा आयोग ने किया था,जिसमें हिन्दी और छत्तीसगढ़ी साहित्यकार सुमित्रा साहू 'सिम्मी' के छत्तीसगढ़ महतारी के पारंपरिक खानपान को समर्पित प्रथम छत्तीसगढ़ी कृति,छत्तीसगढ़ के प्रमुख पारंपरिक खानपान का भव्य विमोचन और सम्मान किया गया।

पहल

## इनरव्हील क्लब ने महमंद स्कूल को गोद लेकर बनाया 'हैप्पी स्कूल'



**बिलासपुर।** इंटरनेशनल इनर व्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट 26 की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मधुस्मिता त्रिपाठी ने हाल ही में इनरव्हील क्लब का दौरा किया। इस दौरे के दौरान, क्लब ने महमद स्थित हायर सेकंडरी स्कूल को गोद लिया और उसे 'हैप्पी स्कूल' में बदल दिया। क्लब ने स्कूल में पेय जल समुचित व्यवस्था की और लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालयों का जीर्णोद्धार किया। इस कार्य के बाद, जिला अध्यक्ष ने अरपा वैली इंटरनेशनल स्कूल का दौरा किया, जहां उनका स्वागत एनसीसी कैडेट्स द्वारा किया गया। स्वागत नृत्य द्वारा उनका स्वागत किया गया। क्लब की प्रेसिडेंट डॉ सुनीता चावला ने स्वागत भाषण दिया और जिला अध्यक्ष को सम्मानित किया। अपने संबोधन में, जिला अध्यक्ष मधुस्मिता त्रिपाठी ने इनर व्हील क्लब को सबसे बड़ा महिला स्वयंसेवी संगठन बताया और कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन हाईकोर्ट की एडवोकेट अनुभूति महाराज और डॉ गुंजन अग्रवाल ने किया। अंत में डॉ संगीता बनाफर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में जयश्री भट्टाचार्य, शहला खोखर, रूबी छाबड़ा, सरिता अग्रवाल, ग्लोरिया पिल्लै, मंजू धनधारिया अश्विनी यादव सहित अन्य सभी मेंबर्स उपस्थित थे।

यात्रा

## संभाग से 850 और जिले के 225 श्रद्धालु अयोध्या धाम रवाना



**बिलासपुर।** रामलला दर्शन योजना के तहत बुधवार को भारत गौरव ट्रेन बिलासपुर संभाग के 850 श्रद्धालु को लेकर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। इस विशेष ट्रेन को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, मोहित जायसवाल, जिला प्रशासन के अधिकारी और पर्यटन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। बिलासपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं का स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। गाजे बाजे और पारंपरिक नृत्य और तिलक लगाकर भक्तों का स्वागत किया गया। ये श्रद्धालु काशी विश्वनाथ का भी दर्शन करेंगे। दर्शन के लिए जा रहे इन श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई इस विशेष ट्रेन में बिलासपुर जिले के 225 यात्री भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां ठहरने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

स्पर्धा

## डिजिटल तिरंगा स्लोगन में 12 कॉलेज 6 स्कूलों के छात्रों ने लिया भाग



**बिलासपुर।** राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला प्रशासन के निर्देश पर डिजिटल तिरंगा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डीएलएस शास ई.राघवेंद्र राव,डीपी विप्र डीपी विप्र विधि, बिलासा गर्ल्स यूटीडी, एसबीटी, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, पीएनएसएस उषा देवी मेमोरियल, जे के इंजीनियरिंग कॉलेज के तहत 12 कॉलेज और छह विद्यालय के 200 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर देव जुरयानी शासकीय राघवेंद्र राव महाविद्यालय, द्वितीय स्थान पर तेजेश्वर बघेल डीएलएस महाविद्यालय, तृतीय स्थान पर हिमानी गंधर्व शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कोटा रही। डॉक्टर मनोज सिन्हा के मार्गदर्शन में प्रभारी कार्यक्रम अधिकारियों में डॉ उषा राठौर संस्कृति और शास्त्री यूपेश कुमार डी ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया ।

# इंजीनियरिंग की ओर लौटा युवाओं का रूझान

**प्रदेश में पिछले कुछ सालों से इंजीनियरिंग में एडमिशन, पढ़ाई को लेकर जो शिथिलता दिखाई दे रही थी, वह इस बार दूर हो गई है। इस बार छात्र-छात्राओं का इंजीनियरिंग की पढ़ाई की ओर रूझान देखने मिल रहा है और इंजीनियरिंग में एडमिशन का पूरे छत्तीसगढ़ में पिछले कई सालों का रिकार्ड टूट गया है। इस बार बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक करने 6 हजार 935 स्टूडेंटस ने एडमिशन लिया है जो कि पिछले साल के इंजीनियरिंग में प्रवेश के आंकड़ा से 1 हजार 606 अधिक है।**

### प्रदेश में कई सालों के एडमिशन का रिकार्ड टूटा | बीटेक में 6 हजार 935 स्टूडेंट्स ने लिया एडमिशन, पिछले साल से 16 सौ से अधिक एडमिशन हुए

**बिलासपुर।** इंजीनियरिंग कालेजों में भी इस साल थोड़ा उत्साह का वातावरण है, क्योंकि छत्तीसगढ़ के गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेजों की सीटें तो भर जाती थी। लेकिन प्राइवेट इंजीनियरिंग कालेजों की अधिकांश सीटें खाली रह जाती थीं।

इस बार सत्र 2025-26 के इंजीनयरिंग के एडमिशन में काफी वृद्धि देखने को मिली है, जिससे यह कहा जा सकता है कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई की ओर छात्र-छात्राओं का रूझान लौटने लगा है। बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक में व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री इंजीनियरिंग टेस्ट पीईटी के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है और इस बार पूरे छत्तीसगढ़ में इंजीनियरिंग के एडमिशन पर नजर डाले तो पिछले एक दशक से एडमिशन का रिकार्ड इस सत्र के एडमिशन ने तोड़ दिया है। इस सत्र के



लिए 6 हजार 935 स्टूडेंट्स ने इंजीनियरिंग कालेजों में बीटेक पाठयक्रम में एडमिशन लिया है। इस तरह से देखा जाए तो पिछले साल से इस सत्र 1 हजार 606 अधिक स्टूडेंट्स ने इंजीनियरिंग में एडमिशन लिया है। इसे इस तरह से भी देखा जा रहा है कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई के प्रति स्टूडेंट्स का रूझान वापस लौट रहा है। क्योंकि पिछले कुछ सालों से तो इंजीनियरिंग करने के लिए ठीक तरह स्टूडेंट्स नहीं मिल रहे थे और साइंस, कामर्स व एग्रीकल्चर पाठयक्रमों की ओर स्टूडेंट्स का रूझान अधिक देखने मिल रहा था।

### 29 इंजीनियरिंग कालेजों में 11 हजार 498 सीटें

इस सत्र प्रदेश के 29 इंजीनियरिंग कालेजों में बैचलर ऑफ टेक्नालाजी बीटेक में प्रवेश दिया गया है। इन इंजीनियरिंग कालेजों में बीटेक की कुल 11 हजार 498 सीटें है। इनमें छत्तीसगढ़ के तीनों गवर्नमेंट कालेज बिलासपुर, रायपुर व जगदलपुर इंजीनियरिंग कालेजों की सीटें भी शामिल हैं। गवर्नमेंट कालेजों की सीटें लगभग फुल ही हो गई थीं।

### वर्षवार इंजीनियरिंग में एडमिशन का आंकड़ा

| | | |
|---|---|---|
| ◆ 2025-26 | — | 6935 |
| ◆ 2024-25 | — | 5329 |
| ◆ 2023-24 | — | 5440 |
| ◆ 2022-23 | — | 4148 |
| ◆ 2021-22 | — | 4820 |

### स्पॉट राउंड सहित चार राउंड काउंसिलिंग

तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा बीटेक में एडमिशन के लिए कुल चार राउंड की काउंसिलिंग आयोजित की गई, जिसमें एक स्पॉट राउंड भी हुआ। पहले राउंड की काउंसिलिंग तहत 23 जून से 27 जून तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन हुआ और 29 जून को मेरिट लिस्ट जारी तथा 30 जून को सीट आबंटन हुआ, जिसपर 6 जुलाई तक एडमिशन चला। सेकंड राउंड काउंसिलिंग 8 जुलाई से शुरू हुई और 11 जुलाई तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन के बा 13 जुलाई को मेरिट लिस्ट व 16 जुलाई को सीटों का आबंटन हुआ, जिसपर 20 जुलाई तक एडमिशन दिया गया। थर्ड राउंड की काउंसिंलिंग के लिए 22 जुलाई से 25 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन एवं 27 जुलाई को मेरिट लिस्ट और 30 जुलाई को सीटों का आबंटन तथा 3 अगस्त तक एडमिशन दिया गया।

## एयू यूटीडी में खाली रह गईं 132 सीटें

अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में पांच टीचिंग डिपार्टमेंट हैं, जिनमें यूजी-पीजी के 15 पाठयक्रम संचालित हैं। इनमें यूजी-पीजी मिलाकर लगभग 700 सीटें हैं, जिनमें से इस सत्र 132 सीटें रिक्त रह गई हैं, जबकि 568 सीटों पर एडमिशन हुआ है। एडमिशन की तिथि समाप्त हो चुकी है, इसलिए ये सीटें अब खाली रह जाएंगी। यूटीडी में पांच डिपार्टमेंट अंतर्गत 15 पाठयक्रम संचालित हैं, जिनमें बीसीए आनर्स कंप्यूटर साइंस, बीबीए, बीएससी आनर्स फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नालाजी, बीकॉम आनर्स, बीएससी आनर्स इन माइक्रोबायोलाजी, बीएससी आनर्स आयोटेक्नोलाजी, बेजलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलाजी, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन, एमबीए टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी बायोटेक्नोलाजी, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नालाजी, एमकॉम न्यू कोर्स, एमएससी माइक्रोबायोलाजी एंड बायोइनफार्मेटिक्स पाठयक्रम संचालित हैं। इनमें से यूजी पाठयक्रमों में 400 सीटें और पीजी पाठयक्रमों में 300 सीटें निर्धारित है। यूजी-पीजी में कुल 700 सीट हैं, जिनमें से इस बार 568 सीटों पर एडमिशन हुआ है और 132 सीट अभी भी खाली रह गई हैं।



**यूजी-पीजी मिलाकर 568 सीटों पर हुए एडमिशन**

# कल्पसूत्र वाचन के साथ पर्युषण महापर्व की शुरुआत



जैन समाज में परम पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व का शुभारंभ बुधवार को हुआ, पर्व के प्रथम दिन श्वेतांबर समाज के अनुयायों द्वारा विधि विधान से भगवान को आठ दिनों के लिए चोपड़ा भवन तारबाहर में पर्युषण पर्व स्थल में विराजमान किया गया। जहां विशेष पूजा अर्चना की गई। सुबह कल्पसूत्र का वाचन विशेष पूजा, सामायिक, प्रतिक्रमण, आरती के पश्चात संपन्न हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पर्युषण महापर्व के पहले दिन सुबह नेहरू नगर विमल चोपड़ा के निवास से भगवान को लेकर तारबहार में स्थित चोपड़ा भवन में पूजन वेशभूषा धारण कर कई तरह के पाठ से शुद्धि कार्य कर भगवान को विधी-विधान से स्थापित किया गया। समाज के श्रावक श्राविकाओ द्वारा पक्षाल पूजा, प्रार्थना की गई, सामूहिक जाप, दादा गुरुदेव इकतीसा का पाठ एवं अंत में विशेष आरती की गई। इसके पश्चात समाज की शोभा मेहता,ज्योति चोपड़ा द्वारा कल्पसूत्र का वाचन किया गया। रात्रि में धार्मिक संगीत संध्या हुई, जिसमें समाज के छोटे बच्चों से लेकर सभी भक्ति में शामिल होकर एक से बढ़कर भक्ति प्रस्तुत हुआ जो की देर रात तक चला। इस अवसर पर समाज के संरक्षक विमल चोपड़ा, नरेंद्र मेहता, इन्दरचंद बैद, सुभाष श्रीश्रीमाल, अमित मेहता, संजय छाजेड़, कविता मुनोत, अमिता गोलछा, शिल्पी डाकलिया, चंदन चोपड़ा, संगीता चोपड़ा, अपेक्षा चोपड़ा, अंजली मेहता, मीनू मेहता, तुषार मेहता सहित अन्य समाज के लोग मौजूद रहें।





**पहले दिन पूजन, प्रवचन व सांध्य संगीत**



### रात्रि भोजन त्यागने कम भोजन करें

तेरापंथ जैन समाज का वैशाली नगर निवासी गोलछा हाउस में सूरत से पधारे मनीष मालू एवं कमलेश वैदमुथा प्रवचन में पर्युषण का प्रथम दिन खाने-पीने का संयम के बारे में समझाते हुए कहा कि उपवास, आयंबिल, उनोदरी तप, द्रव्य से ज्यादा न खाएं, रात्रि भोजन नहीं करें, ठूसकर ना खाएं अल्पाहार का अभ्यास करें। जमींकंद का प्रयोग न करें, अचित भोजन करें, रसनेन्द्रिय यानि जीभ की प्रवृति खाने का लोभ, खाने में उनोदरी, कम से कम आइटम खाना, संयम की साधना करने के लिए भोजन हो, क्रोध में, बोलते हुए, भोजन को गिराते हुए, आसक्ति के साथ भोजन, तनाव के साथ इन सभी अवस्था में भोजन नहीं करना है।

### रैली निकाली गई

पर्युषण महापर्व के स्वागत में समाज के सभी गणमान्य सदस्य सम्मिलित होकर वेलकम पर्यूषण रैली निकाली। रैली में नारे जैनम जयति शासनम, महावीर प्रभु की जय जयकार,सोने चांदी से भी महंगा दिन है, पावन पर्युषण पर्व आपका स्वागत है, जीवन सफल बनाना है महावीर ऐसा दो आशीष, जैन धर्म का क्या संदेश जियो और जीने दो, पर्युषण महापर्व का जोरदार स्वागत किया गया।

## वेंटिलेटर के लाभ एवं संभावित जटिलताओं पर प्रकाश डाला

**बिलासपुर।** सिम्स में बुधवार को "मैकेनिकल वेंटिलेटर" विषय पर एक दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह प्रशिक्षण मेजर ऑपरेशन थिएटर के पोस्टर ऑफ सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिष्ठाता सिम्स डॉ रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक लखन सिंह एवं डॉ आशुतोष कोरी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य वक्ता डॉ मधुमिता मूर्ति ने वेंटिलेटर की कार्यप्रणाली, गंभीर रोगियों में इसके उपयोग, वेंटिलेटर से मरीज को धीरे-धीरे बाहर निकालने की प्रक्रिया, मरीज की देखभाल एवं इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने वेंटिलेटर के लाभ एवं संभावित जटिलताओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अधिष्ठाता ने समय-समय पर कौशल विकास प्रशिक्षणों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षणों से चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ को मरीज के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलती है। चिकित्सा अधीक्षक लखन सिंह ने मेडिसिन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस अवसर पर डॉ मिल्टन देवबर्मन, डॉ सुरभि बंजारे, डॉ श्वेता कुजूर, डॉ भावना रायज्यादा सहित बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टॉफ उपस्थित रहे।



## विशाल रक्तदान शिविर, 6 हजार से अधिक सेवाकेंद्रों पर होगा

**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि के 18वीं पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में विश्व बंधुत्व दिवस पर विशाल रक्तदान अभियान का किया जा रहा है। यह अभियान राजयोगा एजुकेशन रिसर्च फाउंडेशन के समाज प्रभाग द्वारा भारत एवं नेपाल के 6 हजार से अधिक ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्रों पर आयोजित कर 1 लाख यूनिट से अधिक रक्तदान कर गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा। ब्रह्माकुमारीज म टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन, सिरगिट्टी, रामा ग्रीन सिटी, श्री विहार सरकंडा एवं उस्लापुर के ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्रों पर रक्तदान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। बिलासपुर में सरकंडा श्री विहार सेवाकेंद्र पर, 24 अगस्त को सिरगिट्टी भवानी नगर एवं 25 अगस्त को टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित मुख्य सेवाकेंद्र राजयोग भवन और रामा ग्रीन सिटी एवं 24, 25 अगस्त उस्लापुर ओम शांति सरोवर में आयोजित किया जाना है। सुबह 9 से शाम 5:30 बजे तक, रक्तदान पुनीत कार्य में सहयोग करें। इस पुनीत कार्य में लायंस क्लब बिलासपुर रॉयल की ओर से प्रत्येक रक्तदाता को एक हेलमेट उपहार स्वरूप दिया जाएगा।



स्पोर्ट्स न्यूज

**एकलव्य आदर्श विद्यालयों की राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का समापन**

# 796 अंकों के साथ सरगुजा क्षेत्र बना ओवरऑल चैंपियन



**बिलासपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की राज्य स्तरीय दो दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता बहतराई स्टेडियम में किया गया। जिसका समापन बुधवार को हुआ, इसमें प्रदेश के 75 एकलव्य विद्यालयों के लगभग 1500 छात्र छात्राएं एवं 250 कोच एवं मैनेजर ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। बिलासपुर जिला कार्यालय से भी व्यायाम शिक्षक, शिक्षक एवं विभिन्न कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई थी। प्रतियोगिता में 20 खेलो का आयोजन किया गया जिसमें योग 3000 मीटर पैदल चाल 5000 मीटर तीरंदाजी, शतरंज, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, तैराकी, टेनिस, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, कुश्ती, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी हैंडबॉल आदि शामिल थे। प्रतियोगिता में 796 अंक प्राप्त करके सरगुजा क्षेत्र ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब हासिल किया वहीं दूसरे स्थान पर बस्तर क्षेत्र रहा। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री राम विचार नेताम एवं अध्यक्षता विधायक सुशांत शुक्ला ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला अध्यक्ष ग्रामीण मोहित जायसवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री राम विचार नेताम मंत्री ने कहा कि दो दिवसीय कीड़ा प्रतियोगिता में आप सभी प्रतिभागियों ने जो पसीना बहाया है और अपनी खेल प्रतिभा का जौहर दिखाया है उसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। आने वाले समय में कम से कम चार दिवसीय होगा। जीवन में पढ़ाई का जितना महत्व है खेलों का भी उतना ही महत्व है।

### खेल में लड़ाई हमेशा खेल भावना के साथ होनी चाहिए

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि खेल का जीवन में क्या महत्व है यह किसी को बताने की आवश्यकता नहीं है, खेल तो पग -पग पर है कहते हैं ना की संग्राम जिंदगी है। लड़ना हमें पड़ेगा,और जो लड़ नहीं सकेगा आगे नहीं बढ़ेगा। लेकिन खेल में लड़ना हमेशा खेल की भावना के साथ होनी चाहिए। जब आप किसी खेल के प्रतिभागी बनते हैं तो प्रतियोगिता का परिणाम क्या होगा नहीं मालूम लेकिन परिणाम आपके जीवन में आपको सिर्फ सफलता की तरफ आपको ले जाएगा।आज के समय में आयोजनों में बहुत सारी सुविधाएं बढ़ गई हम लोगों के समय में सुविधा नहीं होती थी लेकिन आयोजन तब भी बड़े होते थे।



## एसईसीएल मुख्यालय में अंतर-क्षेत्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ

एसईसीएल के मुख्यालय स्थित न्यू वसंत विहार बैडमिंटन कोर्ट में बुधवार को अंतर-क्षेत्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय इस टूर्नामेंट का उद्घाटन निदेशक बिरंची दास द्वारा मुख्यालय के क्षेत्रीय जेसीसी सदस्यों, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्यों, सिस्टा एवं ओबीसी एसोसिएशन की उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत डीएवी स्कूल बैंड की अगवानी और अतिथियों के पारंपरिक आरती-तिलक से हुई। इसके उपरांत राष्ट्रीय गान और सीआईएल कॉर्पोरेट गीत बजाया गया। मुख्य अतिथि बिरंची दास ने कहा कि "खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और परस्पर सहयोग को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ करते हैं।" उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया कि वे खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। इस अवसर पर निदेशक बिरंची दास ने स्वयं बैडमिंटन खेलकर टूर्नामेंट की औपचारिक शुरुआत की। मुख्यालय वसंत विहार के न्यू बैडमिंटन कोर्ट और हेलीपैड कोर्ट में 22 अगस्त तक चलने वाले टूर्नामेंट में एसईसीएल के सभी 13 क्षेत्रों, 2 वर्कशॉप्स और मुख्यालय की कुल 16 टीमों के 120 से अधिक खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में मुकाबले खेले जाएंगे। उद्घाटन मैच महिला युगल श्रेणी का रहा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## निधन

### सुधीर कुमार मिश्रा



बिलासपुर। ग्राम लिम्हा (मुंगेली) निवासी रिटायर्ड चीफ इंजीनियर एसईसीएल सुधीर कुमार मिश्रा का 20 अगस्त को नई दिल्ली में निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 22 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके गृह ग्राम लिम्हा में होगा। वे रिटायर्ड न्यायाधीश हाईकोर्ट धीरेन्द्र मिश्रा एवं आदित्य मिश्रा के भाई एवं सौरभ मिश्रा, रूपाली बेहार, आकांक्षा पांडे के पिता थे।

### शीला जैन



बिलासपुर। पुराना पावर हाउस तोरवा निवासी शीला जैन का 20 अगस्त बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार छठ घाट मुक्तिधाम तोरवा में 21 अगस्त को किया जाएगा। वे चौधरी पदम चंद जैन की पत्नी, जितेंद्र जैन की माता थीं।

### लक्ष्मी चन्द्र देवांगन



बिलासपुर। देवांगन मोहल्ला जूना बिलासपुर निवासी लक्ष्मी चन्द्र देवांगन ( पंतरु ) पिता स्व जेठूराम देवांगन का 20 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 अगस्त को सुबह 11 बजे मधुबन शमशान घाट दयालबंद में किया जाएगा। वे विकास देवांगन के पिता थे।

### सुखी लाल कोरी



बेलतरा। रमतला निवासी सुखी लाल कोरी का 52 वर्ष की आयु में मंगलवार 19 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम रमतला में संपन्न हुआ। वे नेहा, सुनील, अनिल, अभिषेक कोरी के पिता थे।

### शारदा चतुर्वेदी



मस्तूरी। स्थानीय जनपद पंचायत की पूर्व जनपद सदस्य शारदा चतुर्वेदी का 74 वर्ष की आयु में 20 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बिलासपुर स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे मस्तूरी जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद चतुर्वेदी की पत्नी व पूजा चतुर्वेदी की मां थीं।

### रविकांत यादव



पथरिया। नगर के वार्ड क्रमांक 9 निवासी रविकांत यादव का 32 वर्ष की आयु में बुधवार 20 अगस्त को आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार नगर के स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे स्व बहुरिक यादव के पुत्र एंव पथरिया जनपद में पदस्थ लिपिक संजय यादव के छोटे भाई थे।

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार विजय कुमार गुप्ता पिता श्री चंद्रप्रकाश गुप्ता, निवासी मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत होकर सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मौजा मोपका प.ह.नं. 29 तह. व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1266/1 रकबा 0.0120 हे. रा. अभिलेखों में गोदावरी डहरिया पति श्री प्रजाराम डहरिया, निवासी मोपका के नाम से दर्ज है जिसे खरीदने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा इकरारनामा कर निष्पादित किया गया है एवं अग्रिम राशि प्रदान की गई है। अत: उपरोक्त संबंध में किसी भी सरकारी अथवा गैर सरकारी बैंक, वित्तीय संस्थान, किसी व्यक्ति, फर्म या किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करे समय अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। अत: सूचना जाने।

भवदीय
विष्णु कुमार सोनी (अधिवक्ता)
कार्यालय तहसील कार्यालय नेहरू चौक बिलासपुर छ.ग.
मो. 7987346500


## बिजली बंद होने पर तखतपुर के अस्पताल में छा जाता है अंधेरा

# टार्च की रोशनी में हुई महिला की डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर में जरनेरटर आदि की सुविधा नहीं होने के कारण, बिजली गुल होते ही वहां पूरी तरह से अंधेरा छा जाता है। इससे स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों के भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

बीती रात को एक महिला को प्रसव के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जब महिला को प्रसव के लिए ले जाया गया, इसी बीच बिजली गुल हो गई, जिससे विभाग की नर्से अंधेरे में परेशान होती रहीं, और मोबाइल की टार्च की रोशनी से महिला की डिलीवरी कराई गई। एक ओर शासन की ओर से सरकारी अस्पताल में संस्थागत डिलीवरी के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकारी अस्पताल का हाल बेहाल है। कई बार मरीज सरकारी अस्पताल में पहुंचकर परेशान हो जा रहे हैं। ऐसा ही मामला मंगलवार रात को प्रकाश में आया, जिसमें बेलसरी निवासी ज्योति नाम की महिला को प्रसव पीड़ा उठने पर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया और डिलीवरी के लिए ओटी में ले जाया गया। डिलीवरी के दौरान अचानक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली गुल हो जाने से अफरा-तफरी मच गई। स्वास्थ्य केंद्र की नर्से बिजली व्यवस्था के लिए परेशान होती दिखीं। कुछ देर बाद जब बिजली नहीं आई तो नर्स ने बाहर खड़े एक व्यक्ति से मोबाइल मांगा और महिला को टांके लगाए गए। चूंकि, टांके नहीं लगने के कारण महिला को शरीर से रक्त स्त्राव बढ़ता जा रहा था, ऐसे में नर्स की सूझबूझ ने मामले को संभाल लिया, और जच्चा बच्चा को सुरक्षित बचा लिया गया। वहीं इस मामले ने तखतपुर स्वास्थ्य केंद्र की बड़ी लापरवाही को उजागर कर दिया है। एक तरफ जहां प्रदेश सरकार के नेता प्रदेश में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होने के दावे करते नहीं थकते, ऐसे में स्वास्थ्य केंद्र में मोबाइल की रौशनी में महिला के प्रसव का मामला सरकार के नुमाइंदों के तमाम दावों की पोल कर रख दी है।





अस्पताल में प्रसव के बाद बच्चा एवं मोबाइल के टार्च से रोशनी दिखाती कर्मचारी।

### मरीज होते रहे परेशान

स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर में बिजली होने के कारण भर्ती मरीजों का हाल बेहाल हो गया। परिजन अस्पताल में भर्ती मरीजों को उमष भरी गर्मी में गमछे से हवा करते नजर आए। दूर्भाग्य की बात है कि, एक ओर सरकार सरकारी अस्पतालों में सुख सुविधाएं पूर्ण होने की बात कहती है, वहीं ए दिन इस तरह का मामला प्रकाश में आता है, जिससे पता चलता है कि, सरकारी स्वास्थ्य केंद्र खुद बिमार पड़े हैं।

### इन्वर्टर ने साथ नहीं दे पाया

दिनभर बिजली बंद होने के कारण इन्वर्टर साथ नहीं दे पाया, साथ ही प्रसूता की स्थिति गंभीर होने और इमरजेंसी होने के कारण मोबाइल की टार्च की रोशनी से प्रसव कराया गया।

-उमेश कुमार साहू, बीएमओ तखतपुर

### लाइट बंद की सूचना दी थी

स्वास्थ्य केंद्र में थी फेस कनेक्शन लगा हुआ है, वायरल विडियो में दिख रहा है कि, एक फेस लाइट थी। स्वास्थ्य केंद्र में इंवेटर लगा हुआ है, अगर इलेक्ट्रीशियन होता तो फेस को चेंज कर लाइट बहाल की जा सकती थी। लाइट बंद होने की सूचना बीएमओ द्वारा दी गई थी एवं आधे घंटे में फेस को ठीक कर दिया गया था। यह कहना गलत है कि, सुबह से लाइट बंद थी।

- रचित दुआ, जेई तखतपुर



# समाज को संगठित करना प्रथम उद्देश्य: तिलकराम

▪ नगर आमगमन पर छग साहू संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत

लगरा। छत्तीसगढ़ साहू संघ के नवनिर्वाचित निर्विरोध प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. तिलकराम साहू के नगर आगमन पर जगह-जगह स्वागत हुआ।

इस दौरान नयापारा चकरभाठा मोड़, काली मंदिर के पास, विकास भवन नेहरू चौक बिलासपुर, भक्तमाता कर्मा चौक सरकंडा थाना के पास, राजकिशोर नगर चौक, और अंत में मोपका स्थित शहीद दीपक उपाध्याय चौक पर शुभचिंतकों ने स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. तिलकराम साहू ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। मैं इस पद की गरिमा हमेशा बनाए रखूंगा। निःस्वार्थ भाव से कार्य करुंगा। समाज को संगठित करना ही मेरा प्रथम उद्देश्य है। हम सभी सनातन धर्म को मानने वाला है। कई लोग समाज को प्रलोभन देकर धर्मान्तरण करने में लगे हैं। इसकी हमें चिंता है इस दिशा में समाज को मूल धारा में जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। श्री साहू कहा कि मै एक समान्य परिवार को बेटा हूं। आप सभी के स्नेह की उर्जा से समाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में विगत 25 वर्षों से अनवरत साहू समाज का तहसील अध्यक्ष, सरंक्षक, और जिला अध्यक्ष। भाजपा में मंडल महामंत्री, मंडल अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष, सरपंच और पार्षद पद पर रहकर विभिन्न दायित्यों का निर्वहन करता आ रहा है।

### इनकी रही उपस्थिति



इस अवसर पर काशी राम साहू, रामलाल साहू, जति राम साहू, राजेन्द्र साहू, (डब्बू) पवन साहू, ललित साहू, रामेश्वर साहू, ब्रिजेश्वर साहू, दिललेश्वर साहू, रामगोपाल साह, बच्चा राम साह, सुरेश साहू, मूकेश साहू, विनोद साहू, शिव साहू, बच्चा साहू, गणेश साहू, विष्णु, जीतू साहू, शिवचरण साहू, जतिराम साहू, रामखिलावन साहू, रामलाल साहू, प्रभु साव, गुरूचरण साह, प्रमोद साहू, मनोज साहू, संतोष साहू, सालिक राम साहू, केशव साह, क्रांति (गोलू) दुर्गेश साहू, राम बिहारी साह, नंदनीय पवन साहू, रामकुमार साहू, रोहित साहू, रमेश गुरूजी, सुखदेव साहू, विक्की साहू प्रहलाद साहू, गंगाराम साहू, दिलहरण साहू, यज्ञेय साहू, विजय साहू नंदनी साहू श्यामा साहू सुकृति साहू, प्रेम साहू, परदेशी साहू, सुनील साहू, रोहित साहू, भुनेश्वर साहू, गोयल साहू, भोलाशंकर साहू, दुर्गा साहू, डीके साहू, परमेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग मौजूद थे।

# डिप्टी सीएम की पहल पर तीन गांवों में महतारी सदन को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



छग शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष महतारी सदन निर्माण हेतु क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अनुशंसा पर तीन ग्राम पंचायतों में नवीन महतारी सदन निर्माण का अनुमोदन प्रदाय किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, विकास आयुक्त कार्यालय, विकास भवन, नवा रायपुर अटल नगर को कार्य एजेंसी नियुक्त किया है। ग्राम पंचायत खुड़िया, तेलियापुरान एवं दाउकापा में तीस-तीस लाख की लागत से स्वीकृत महतारी सदन निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। गौरतलब है कि, प्रदेश में 166 स्थानों पर महतारी सदन निर्माण होगा। महतारी सदन निर्माण से क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# उषा देवी कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह नए विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

सकरी। उषा देवी मेमोरियल कॉलेज सकरी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीनियर विद्यार्थियों ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुलक्षणा वासनिक ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक सुविधाओं से परिचित कराते हुए सेमेस्टर प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना ताम्रकार ने विद्यार्थियों को रासेयो की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता अभियान की नोडल अधिकारी शिखा मिश्रा ने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने एवं जिम्मेदार मतदाता बनने के लिए प्रोत्साहित किया। ओमी गुप्ता ने विद्यार्थियों को रोचक खेलों के माध्यम से नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन अंशु गुप्ता ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में शामिल शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

# ट्रांसफार्मर लगाने में स्कूली बच्चों की मदद लेने वाला लाइनमैन निलंबित



एक माह से स्कूल में नहीं है बिजली
स्कूली बच्चों को लगाया ट्रांसफार्मर बदलने के काम में

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

ग्राम चनाडोंगरी में ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर स्कूली बच्चों से सहयोग लेना विभाग के लाईनमेन को महंगा पड़ गया, विभाग ने लाइन मेन पर कार्रवाई करके खानापूर्ति कर दी है। जबकि, इस पूरे मामले में संबंधित विभाग की जेई और एई की लापरवाही सामने आई है, जिसमें अधिकारी ट्रांसफार्मर लगाने के लिए कर्मचारियों को हमेशा स्टाफ कम दिया जाता है, और कभी ग्रामीणों व कभी बच्चों की मदद से ट्रांसफार्मर लगाया जाता है। पिछले सप्ताह ग्राम चनाडोंगरी में ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, जिसे बदलने के लिए गनियारी विद्युत वितरण केंद्र में पदस्थ परिचारक फूलचंद दो स्टाफ के साथ चनाडोंगरी गए थे।

विभाग के अधिकारियों को जानकारी तरह जानकारी है कि, ट्रांसफार्मर बदलने के लिए 6 से अधिक लोगों की जरूरत पड़ती है, लेकिन विद्युत विभाग ने सिर्फ दो कर्मचारियों को ही भेजा। चूंकि आसपास मदद करने वाला कोई नहीं दिखा, इसलिए रस्सी खिंचने के लिए पास के स्कूल के बच्चों की मदद लेनी पड़ी। हाईकोर्ट ने इस मामले को संज्ञान में लिया था, जिसके बाद 13 अगस्त को लाइनमेन फूलचंद गंधर्व को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उपसंभाग सकरी में संलग्न किया गया। वहीं इस मामले में हाईकोर्ट के संज्ञान पर सकरी के एई योगेश साहू को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# मुंगेली जिले के 130 पटवारियों को नोटिस

मुंगेली। डिजीटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री में धीमी प्रगति और शतप्रतिशत नक्शा बटांकन, किसान पंजीयन, त्रुटिरहित गिरदावरी, ई गिरदावरी कार्य में रूचि नहीं लेने पर जिले के 130 पटवारियों पर कार्रवाई की गई है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज ने मुंगेली तहसील अंतर्गत 48 पटवारियों, लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी ने 46 पटवारियों और पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा ने 36 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि डिजीटल क्राप सर्वे के लिए शासन द्वारा लगातार निर्देश दिए जाते रहे हैं और मुख्यमंत्री द्वारा इसकी समीक्षा भी की गई है। मुख्यमंत्री ने बैठक में डिजीटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में जिले की प्रगति रिपोर्ट पर असंतोष व्यक्त करते हुए काम में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

कीर्तन मंडलियों ने झूला झुलाते हुए श्रीकृष्ण पर आधारित भजन-कीर्तन गाए

# आनंद महिला समिति की नई कार्यकारिणी का गठन



सीपत। रतनपुरिहा कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज सीपत की ओर से जन्माष्टमी का पर्व उमंग, उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। लड्डू गोपाल की विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात महिलाओं की कीर्तन मंडलियों ने झूला झुलाते हुए श्रीकृष्ण पर आधारित भजन-कीर्तन गाए।

छोटे-छोटे बच्चों को बाल गोपाल और राधारानी की वेशभूषा में सजाकर समाज में भक्ति और आनंद का माहौल बनाए रखा। व्रती महिलाएं श्रीकृष्ण भक्ति में लीन होकर मनोवांछित फल की कामना करती रहीं। इस अवसर पर आनंद महिला समिति गुप्ता समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से झरना गुप्ता को अध्यक्ष व शशि गुप्ता को उपाध्यक्ष चुना गया। साथ ही कोषाध्यक्ष अरुंधति गुप्ता, संरक्षक जयंती गुप्ता, सचिव किरण गुप्ता और सहसचिव बबली गुप्ता को मनोनित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष झरना गुप्ता ने कहा कि भक्ति और सेवा से ही समाज आगे बढ़ता है। कृष्ण भक्ति हमें त्याग, प्रेम और एकजुटता का संदेश देती है। आनंद महिला समिति समाज सेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से हर परिवार को जोड़ने का कार्य करेगी। वहीं, संरक्षक जयंती गुप्ता ने कहा कि, एकजुटता से ही समाज के विकास को बल मिलेगा। नई पीढ़ी को संस्कार और भक्ति से जोड़ना ही सच्ची समाज सेवा है। हमारे बच्चे जब श्रीकृष्ण की लीलाओं और भक्ति भाव से परिचित होंगे तभी उनमें नैतिकता और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागेगा। महिलाओं की भागीदारी समाज को दिशा देती है और यह समिति उसी उद्देश्य को आगे बढ़ाएगी।

### ईश्तहार

मेसर्स फ्लोडाइन कारपोरेशन एक रजिस्टर्ड पार्टनरशिप फार्म है ! जिसमे कुल तीन पार्टनर क्रमश: 01. श्री धीरज शर्मा, 02. श्री परशुराम शर्मा, 03. श्री राजेश ठक्कर है!

दिनांक 31/03/2023 को एक पार्टनर श्री राजेश ठक्कर ने फार्म से सेवानिवृत्त ले लिये है !

इस प्रकार से अब फर्म में कुल दो पार्टनर क्रमश: 01. धीरज शर्मा 02. परशुराम शर्मा होंगे !

दिनांक 20-08-2025
बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
ADV VIRENDRA BHARDWAJ
HIGH COURT
BILASPUR (C.G)
MO.NO. 9827677244

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार से अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित कराता हूं कि मेरे पक्षकार श्री अनिल साहू पिता भरतलाल उम्र 44 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम किरना थाना व तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा विनय मसीह पिता विनोद उम्र 41 वर्ष, सुनेमी पिता विनोद उम्र 39 वर्ष, प्रवीणा पति विनोद उम्र 64 वर्ष, एरिमिया पिता विल्सन उम्र 71 वर्ष, यशायाह पिता विल्सन उम्र 62 वर्ष, इसराइल पिता विल्सन उम्र 68 वर्ष, सभी जाति ईसाई निवासी ग्राम चंदखुरी थाना व तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) के स्वामित्व व कब्जे की भूमि जो कि मौजा ग्राम चंदखुरी प.ह.न. 14 रा.नि.म. व तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा न. 602/2 रकबा 0.3120 हेक्टेयर कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है तथा दोनो पक्षो के मध्य ईकरारनामा निष्पादित हुआ है तथा जिसकी रजिस्ट्री निकट भविष्य में होनी हैं।

उक्त सौदे से किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था या कोई वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो उक्त आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे उक्त समयावधि के पश्चात की जाने वाली आपत्ति अमान्य होगी, अत: सूचना जानें।

भवदीय
रोहित कुमार,
अधिवक्ता पता :- तहसील कार्यालय पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)
मो. 9754471588

### न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

### ईश्तहार

क्रमांक/क/तह/वाचक/2025
बिलासपुर दिनांक 08/07/2025

ग्राम बिजौर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बिजौर प.ह.नं. 30 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 399/1 के टूकडे 6 मीटर चौडे एवं 17 मीटर लम्बे कच्चे रास्ते को सूखाधिकार एवं मार्ग अधिकार हेतु रास्ते के रूप में राजस्व अभिलेख में अभिलिखित किये जाने हेतु आवेदक राहुल कान्जानी पिता श्यामलाल कान्जानी निवासी वात्सल्य टिकरापारा बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 29/08/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे।

आज दिनांक 08/07/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार,
बिलासपुर (छ.ग.)

### आम सूचना का खण्डन

मैं अपने पक्षकार शीतला श्रीवास पति लोकनाथ श्रीवास निवासी-कोनी बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण को अवगत कराते हुए आम सूचना हरिभूमि दिनांक 19.08.2025 का खण्डन करता हूं कि मौजा कौडिया प.ह.नं. 17, रा.नि.म. व तहसील सीपत जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 767/4, 765, 768/3 रकबा कुल 2.029हे. भूमि महेत्तर पिता कोंदा के नाम पर दर्ज रही है जिसमे मेरे पक्षकार का भी हित निहित है, उक्त भूमि को मेरे पक्षकार की जेठानी कमला बाई पति माधो श्रीवास ने फर्जी तरीके से अपने नाम पर दर्ज कराते हुए उसे क्रय विक्रय करने का सौदा किया जा रहा है।

अत: सर्वसाधारण, आम जनता, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थाएं, बैंक, निकाय को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति पर मेरे पक्षकार का हक निहित है, ऐसी स्थिति में उपरोक्त संपत्ति का क्रय विक्रय का सौदा न करें, यदि ऐसा किया जाता है तो इस आम सूचना खण्डन के प्रकाशन अनुसार उपरोक्त भूमि के संबंध में किये गये क्रय विक्रय का सौदा सर्वथा अवैध होकर शून्य माना जावेगा तथा ऐसे क्रय विक्रय पर संबंधित व्यक्ति अथवा आम जन को कोई स्वत्व प्राप्त नहीं होगा तथा उसके लिये वह स्वत: जिम्मेदार होंगे।

सो सूचना जाने।
दिनांक-20.08.2025

भवदीय
पवन चतुर्वेदी
अधिवक्ता पता-27 खोली चौक मुंगेली रोड बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.
मो. 9893145090

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

### ईश्तहार

क्रमांक /क/ अति.तह./वाचक/2025
बिलासपुर, दिनांक 19/8/25

एतद् द्वारा परसदा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा परसदा प.ह.नं. 49 तहसील बिलासपुर स्थित शासकीय भूमि ख.नं.358 रकबा 0.057 हे. भूमि को श्री अनंत इंफ्रा बिलासपुर द्वारा अखिलेश अग्रवाल द्वारा कलेक्टर महोदय बिलासपुर में भू-आबंटन/व्यवस्थापन प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन किया गया, जो जांच एवं प्रतिवेदन के लिए प्राप्त हुआ।

यदि किसी संस्था/व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 12/9/25 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के प्रश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 19/8/25 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मकान संख्या 534/57 शुभम विहार, गैस एजेंसी के पीछे, बिलासपुर को कुछ लोगों द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बेचने का प्रयास किया जा रहा है जबकि उक्त संपत्ति में नेहा वर्मा व आराधना वर्मा पुत्रीगण स्व. श्री बी.बी. (बृजभूषण) वर्मा भी कानूनी रूप से हिस्सेदार हैं। उक्त संपत्ति के बंटवारे के सम्बंध में कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। यदि कोई व्यक्ति यह संपत्ति खरीदता या बेचता है तो क्रेता व विक्रेता दोनों कानूनी कार्यवाही के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

प्रेषक,
नेहा वर्मा व आराधना वर्मा
निवासी- मकान संख्या 534/57 शुभम विहार, गैस एजेंसी के पीछे, बिलासपुर, छत्तीसगढ
मो.-7572090909, 8800372326

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार विजय यादव पिता श्री भरत लाल यादव निवासी कुदुदण्ड बिलासपुर छ.ग वाले से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि देवेन्द्र प्रजापति पिता परसराम एवं जगेश्वर प्रजापति पिता परसराम दोनो निवासी सिलदहा तहसील कोटा जिला बिलासपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा सिलदहा प.ह.नं.-39 रा.नि.मं. रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1083/1, 1084, 1091/1, 1099/1, 1126, 1130/1, 1159/1, 1132, 1133/1, 1145, 1148, 1149, 1150, 1197/1, 1197/2, 1158, 1160/1, 1161, 1166, 1171, 1160/2 कुल खसरा नंबर 21 कुल रकबा 2.74 एकड़ भूमि को क्रय करने का पक्का का सौदा हुआ था उस समय बयाना टोकन राशि दी गई थी जिसके बाद दिनांक 31/04/2024 को इकरार प्रकाशन स्वदेश पेपर में दी गई थी जिसमें किसी प्रकार से दावा आपत्ति प्राप्त नहीं हुई थी तथा संपत्ति की रजिस्ट्री निकट भविष्य में किया जाना है, मेरे पक्षकार को विश्वस्त सूत्रों से यह जानकारी मिली है कि विक्रेतागण देवेन्द्र प्रजापति एवं जगेश्वर प्रजापति दोनों पिता परसराम के द्वारा उपरोक्त इकरारशुदा भूमि को किसी अन्य के पास विक्रय करने की बातचीत कर रहा है। उक्त संपत्ति पूर्व से ही मेरे पक्षकार के साथ विक्रय करने का इकरार विक्रेतागणों के द्वारा किया जा चुका है यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय उपरोक्त खसरा रकबा की संपत्ति को क्रय विक्रय संव्यवहार की जाती है तो वह नाजायज व झूठा माना जावेगा। उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का क्रय विक्रय न करें यदि किया जाता है तो उसके हर्जे खर्चे एवं नुकसानी के लिए क्रेता स्वयं जिम्मेदार होगा। सो सूचना जानें।

दिनांक: 20/08/2024
बिलासपुर छ.ग.

सतीश कुमार यादव,
अधिवक्ता
जिला न्यायालय परिसर,
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.9826526885

### न्यायालय तहसीलदार पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

Email:-tahsilpatharia@gmail.com
रा.प्र.क्र./202507250900002/
अ-6/2024-25
ग्राम-पेण्ड्री, प.ह.नं. 23

// दैनिक समाचार-पत्र के माध्यम से नोटिस//

प्रति,
1. रामनरेश पिता खेदूराम, 2. कान्तिबाई पिता खेदूराम 3. सतीबाई पिता खेदूराम, 4.सहोद्रा पिता खेदूराम, सभी जाति गाढ़ा, निवासी, ग्राम पेटुलकापा, तहसील पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) ......अनावेदकगण/अनावेदिकागण

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रवण कुमार पिता महेत्तरराम, जाति गाड़ा निवासी ग्राम पेटुलकापा, तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पेण्ड्री, प.ह.नं. 23. तहसील-पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 381/3, 396/2.397 रकबा क्रमशः 0.279, 0.073, 0.283 हेक्टेयर भूमि शामिल खाता में आवेदक एवं अनावेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि का उभयपक्षकार के मध्य अंश के आधार पर खाता विभाजन किये जाने हेतु ई-नामांतरण के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन किया गया है। प्रकरण में आवश्यक दस्तावेज के अभाव में/ प्रकरण न्यायालय में लिया जाकर सुना जाना उचित प्रतीत होने से प्रकरण ई-कोर्ट में लिया गया।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 28/08/2025 को नियत है। अत: इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रात: 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 18/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

### न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)

(पीठासीन अधिकारी-जसविंदर कौर अजमानी मलिक)

व्य.वाद क्र.-260-ए/2018
आदेश दिनांक 05/08/2025
पेशी तारीख -15/09/2025
प्रोसेस क्रमांक 99

श्रीमती प्रभा राठौर............... **वादी**

**विरुद्ध**

श्रीमती गंगोत्री यादव वगैरह...... **प्रतिवादीगण**

1. श्याम सुन्दर यादव पिता स्व. श्री सूरजमन उम्र 69 वर्ष। 2. शीतल कुमार यादव आत्मज श्यामसुंदर यादव उम्र 35 वर्ष। 3. निखिल कुमार यादव आत्मज श्यामसुंदर उम्र 38 वर्ष। सभी निवासी-रामकृष्ण नगर, धान मंडी के पीछे मोपका, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**......प्रतिवादी क्र. 01 के वारिसान**

आपके विरुद्ध इस न्यायालय में वादी के द्वारा व्यवहार वाद क्र. 260-ए/2018 प्रस्तुत की गई है जिसकी आगामी पेशी तिथि 15/09/2025 है आपको इस न्यायालय में दिनांक 15/09/2025 को समय 11:00 बजे उक्त प्रकरण का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए नोटिस/समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं/रीडर या अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात/उपस्थित हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस आवेदन से सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें तथा उन सभी दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहें जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं।

इस समंस /नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं हो सकेंगे तो आपके विरुद्ध उक्त प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए दावा का निपटारा आपके अनुपस्थित में किया जायेगा। यदि न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते हैं या किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख 15/09/2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

अत: आज दिनांक 18/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक-28/08/25

(श्रीमती जसविंदर कौर अजमानी मलिक)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**

## पूर्व मुख्यमंत्री बघेल आज बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 अगस्त को बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान रश्मि आशीष सिंह के निवास पहुंचकर कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर की माता के निधन पर शोक व्यक्त करेंगे। परिवार जनों से मुलाकात करेंगे। श्री बघेल दापहर 2. 30 बजे भिलाई निवास स्थान से रवाना होंगे। शाम 5 बजे बिलासपुर में श्रीमती रश्मि आशीष सिंह के निवास पहुंचेंगे। 5 से 5. 30 बजे निजी प्रवास पर रहेंगे। शाम 6 बजे भिलाई निवास के लिए प्रस्थान करेंगे। यह जानकारी अरपा विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अभय नारायण राय ने दी।

## ब्राह्मण समाज ने डॉ शंकर दयाल की मनाई जयंती



**बिलासपुर।** आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति तथा सनाढ्य ब्राह्मण समाज के सम्मानीय व्यक्ति डॉ शंकर दयाल शर्मा की जयंती स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल सभा भवन में मनाई गई। इसमें सनाढ्य ब्राह्मण समाज के सभी सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दीक्षित तथा दीपराज उपाध्याय ने उनके राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद राजेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पी बिरथरे, नरेंद्र सहारिया, मथुरा प्रसाद वैद्य, दिनेश उपाध्याय, सनत कुमार पांडे, ललित व्यास, सुरेश बरुआ, सीताराम दीक्षित, प्रमोद दीक्षित, आनंद मूर्ति मिश्रा, चंद्रभूषण दीक्षित, सुरेश पचौरी, दीप राज उपाध्याय, राजेश मिश्रा, यश मिश्रा, शैलेंद्र उपाध्याय, मधुसूदन शर्मा, प्रदीप कुमार दीक्षित, मोहन लाल पचौरी, अरविंद सिरोटियां, हरि नारायण दीक्षित, सिद्धार्थ जारोलिया, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, अभय बरुआ, सतीश तिवारी, राकेश मिश्रा, भारत पांडे, प्रकाश तिवारी आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस कमेटी ने मनाई स्व. राजीव गांधी की जयंती



**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने 20 अगस्त को राजीव चौक और जिला पंचायत परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई। उन्हें श्रद्धांजलि दी। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने देश के अंदर और बाहर आतंकवाद को खत्म करने के लिए बड़ी कार्रवाई की पंजाब ,नागालैंड, असम ,त्रिपुरा जैसे अशांत प्रदेश में शांति स्थापित कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़े। वहीं श्रीलंका में लिट्टे के विरुद्ध शांति सेना भेज कर श्रीलंका में शांति स्थापित करने की दिशा में अहम भूमिका निभाई। ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानीने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने कम समय में बड़ी उपलब्धि हासिल की। कार्यक्रम को कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, जिला पंचायत सदस्य अनिता राजेन्द्र शुक्ला ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने स्व. राजीव गांधी द्वारा देश के कल्याण के लिए किए कार्यों की जमकर सराहना की। उन्होंने युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। आने वाले पीड़ी को स्व. राजीव गांधी के जीवन से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। कार्यक्रम में राजेंद्र शुक्ला, प्रमोद नायक,देवेंन्द्र सिंह,जितेंद पांडेय, ऋषि पांडेय, समीर अहमद, अनिता राजेन्द्र शुक्ला, शिवा मिश्रा, ज़फ़र अली, अजय काले,वीरेंद्र सारथी,करम गोरख,राकेश बंजारे आदि मौजूद थे।

## अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल में प्रदर्शनी यूरेका का आयोजन



**बिलासपुर।** अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल में 14 अगस्त को एक दिवसीय प्रदर्शनी यूरेका का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि डा. बी.बी.अग्रवाल, डॉ. कमलेश कुमार मौर्य, डॉ गीतिका शर्मा ने प्रदर्शनी का उदघाटन किया। विद्यालय के चेयरमेन डॉ किरनपाल सिंह चावला ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार होता है आज के विद्यार्थी कल के भविष्य हैं। प्राचार्य फरहान अहमद, प्रबंध निदेशक सुरिंदर सिंह चावला एवं निदेशक गुरमेहर सिंह चावला ने प्रदर्शनी का अवलोकन कराया। विद्यालय में यूरेका के माध्यम से विभिन्न करियर की जानकारी दीं गई। सभी अतिथियों ने इसकी सराहना की।

## छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा का प्रदेश स्तरीय समारोह 24 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासमा रायपुर द्वारा प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 24 अगस्त को दुधाधारी मठ, सत्संग भवन रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। अध्यक्ष राजकुमार वैष्णव ने बताया कि उक्त समारोह की तैयारी पूर्णता की ओर है। समारोह में प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया जाएगा। इसके लिए प्रतिभावान छात्रों को अंकसूची की कापी लाना होगा। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से सामाजिक महंत जनों का भी सम्मान होगा। इस बैठक में वैष्णव समाज के सभी पदाधिकारियों से सपरिवार शामिल होने का अनुरोध किया गया है। सबकी गरिमामयी उपस्थिति में तीज मिलन कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें महिलाओं का विविध सांस्कृतिक खेल का आयोजन भी रखा गया है। समारोह के मुख्य अतिथि महंत श्याम सुंदर दास दुधाधारी मठाधीश रायपुर के होंगे। अध्यक्षता अन्नापूर्णा वैष्णव महासभा के अध्यक्ष होंगे। विशिष्ट अतिथि महंत जन के साथ राकेश दास वैष्णव, सुरेन्द्र बैरागी उपस्थित होंगे।

**बारिश नहीं होने से बढ़ गई संख्या** | **डेढ़ लाख रुपए से अधिक का मिला राजस्व**

# तेजी से बढ़ी कानन पेण्डारी जू में सैलानियों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कुछ दिनों से बारिश बंद होने के साथ ही कानन पेण्डारी जू में भ्रमण के लिए पहुंचने वाले सैलानियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो गई है। बारिश के कारण जू में कीचड़ के साथ सैलानियों के लिए कानन प्रबंधन को आय नहीं हो पा रही थी। वहीं पिछले तीन दिनों में भ्रमण के लिए पहुंचने वाले सैलानियों के कारण गेट मनी से 1 लाख 51 हजार रुपए से अधिक राजस्व प्रबंधन को प्राप्त हुआ है।

15 से 20 दिन पहले लगातार हो रही बारिश के कारण कानन पेण्डारी जू का भी हाल काफी खराब हो चुका था। जगह-जगह पानी भरने के साथ कीचड़ की स्थिति और बारिश से शाकाहारी एवं मांसाहारी वन्यप्राणियों को बचाने की व्यवस्था में कानन प्रबंधन जुटा हुआ था। इस दौरान कानन जू में भ्रमण के लिए भी सैलानियों का टोंटा था। दिन भर में 50 से 75 की संख्या में सैलानी कानन पेण्डारी जू में भ्रमण करने के लिए पहुंच रहे थे, जिनसे 2 से 3 हजार रुपए



कानन पेंडारी में लगी सैलानियों की भीड़।

की आय कानन प्रबंधन को हो रही थी। कई दिनों से बारिश बंद होने के बाद अब वन्यप्राणियों को मौसमी बीमारी का खतरा मंडराना शुरु हो चुका है, जिसकी निगरानी में कानन पेण्डारी के डॉक्टर के अलावा जू कीपर भी लगे हुए हैं। पिछले तीन दिन यानि 15 अगस्त शुक्रवार, 16 अगस्त शनिवार और 17 अगस्त रविवार को लगातार तीन दिन की छुट्टी होने के साथ शहर सहित आसपास के हजारों लोग भ्रमण करने के लिए कानन पेण्डारी जू में पहुंचे थे। इसमें बच्चों की संख्या भी अधिक रही, जिन्होंने गार्डन के साथ झूले का भी भरपूर आनंद उठाया। प्रबंधन के अनुसार पिछले तीन दिन 15, 16 और 17 अगस्त को आने वाले सैलानियों से 1 लाख 51 हजार 980 रुपए का राजस्व गेट मनी के जरिए मिला है। इसमें 15 अगस्त को 4837 सैलानी जिसमें व्यस्क 3888 से 77760 रुपए, 949 बच्चों से 9490 रुपए, 16 अगस्त को 1505 जिसमें बच्चे 246, व्यस्क 1259 राशि 27640 रुपए, 17 अगस्त को 2956 सैलानी जिसमें व्यस्क 2329 से 46580 रुपए और 627 बच्चों से 6270 रुपए की आय हुई है।

### स्टेट और सेंट्रल कोटे के तहत 23 अगस्त तक होगा प्रवेश

# एमबीबीएस की 150 सीटों में एडमिशन शुरू, अब तक 52 छात्रों को मिला प्रवेश



■ प्रवेश कमेटी की टीम दस्तावेजों का कर रही वेरिफिकेशन

**23 अगस्त है अंतिम तारीख**

अधिकारियों ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया 23 अगस्त तक चलेगी। इस अवधि में राज्य और केंद्रीय दोनों कोटे से चयनित छात्रों को दस्तावेजों की जांच के उपरांत सीटें आबंटित की जाएंगी। प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि किसी भी छात्र-छात्रा को असुविधा का सामना न करना पड़े। दूसरे जिलों से आने वाले छात्रों की सहायता के लिए प्रबंधन ने हेल्प डेस्क भी बनाया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में एमबीबीएस की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। सोमवार से प्रारंभ हुई इस प्रक्रिया में दो दिन के भीतर 52 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है। एमबीबीएस की कुल 150 सीटें निर्धारित हैं, जिनमें राज्य और केंद्रीय कोटे के तहत एडमिशन होना है। डीन डॉ. रमणेश मूर्ति के निर्देशन में प्रवेश प्रक्रिया के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

यह टीम सिम्स मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में बैठकर प्रवेश के लिए आने वाले छात्रों के दस्तावेजों का वेरिफिकेशन कर रही है। प्रवेश से पहले छात्रों एवं उनके अभिभावकों से एंटी रैगिंग, बॉन्ड सहित अन्य शपथ पत्र भी अनिवार्य रूप से जमा कराए जा रहे हैं। प्रवेश के पहले दिन 23 और दूसरे दिन 29 छात्र-छात्राओं ने नामांकन कराया। इस प्रकार कुल 52 छात्रों ने प्रवेश ले लिया है।

वहीं अब तक 84 से अधिक छात्रों ने रिपोर्टिंग की है, जिनकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद एडमिशन की संख्या और बढ़ जाएगी।

### दो दिन चला फ्रेशर छात्र-छात्राओं का डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन

# सीयू में प्रवेश लेने के बाद सत्यापन में अनुपस्थित रहे कई स्टूडेंट्स



**यूजी में लगभग 700 हुए एडमिशन**

सीयू में सीयूईटी एग्जाम में स्कोर के आधार पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाता है। इसके तहत समर्थ पोर्टल में 15 जुलाई से 25 जुलाई तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन हुआ, उसके बाद फर्स्ट राउंड की काउंसिलिंग तहत 30 जुलाई को प्रवेश के लिए पहली लिस्ट मेरिट आधार पर निकाली गई, जिसपर 3 अगस्त तक एडमिशन हुआ। यूजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में 2 हजार 159 सीटें हैं, जिनमें से दो राउंड के आनलाइन काउंसिलिंग में लगभग 700 स्टूडेंट्स ही एडमिशन ले पाए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी पाठयक्रमों में आनलाइन एडमिशन लेने के बाद कई स्टूडेंट्स सत्यापन के दौरान अनुपस्थित रहें। यूनिवर्सिटी में फर्स्ट व सेकंड राउंड के एडमिशन पश्चात दो दिन तक डाक्यूमेंटस सत्यापन का कार्य चला। इसके चलते यूनिवर्सिटी कैंपस में भीड़भाड़ रही। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सीयूईटी के आधार पर पहले दो राउंड की आनलाइन काउंसिलिंग, एडमिशन पश्चात यूजी की काफ- सीटें खाली रह गई है।

उस पर जिन लोगों ने एडमिशन लिया है उनमें से कई स्टूडेंट्स अपने डाक्यूमेंटस वेरीफिकेशन कराने नहीं पहुंचे। यूजी पाठयक्रमों में जिन स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है, उन फ्रेशर स्टूडेंट्स को सोमवार व मंगलवार को डाक्यूमेंटस वेरीफिकेशन के लिए यूनिवर्सिटी बुलाया गया था। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी पाठयक्रमों में अभी तक दो राउंड की आनलाइन काउंसिलिंग हुई है। इस फर्स्ट व सेकंड राउंड की काउंसिलिंग में फ्रेशर जो भी स्टूडेंटस एडमिशन लिए हैं, उन्हें एडमिशन के लिए यूनिवर्सिटी आने की जरूरत नहीं पड़ी और पूरी प्रक्रिया आनलाइन हुई।



**बिलासपुर।** नर्मदा नगर में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशवानी के निवास पर आयोजित रुद्राभिषेक व महामृत्युंजय जाप में बुधवार को नेता प्रतिपक्ष डॉ .चरणदास महंत एवं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल शामिल हुए। नेता द्वय ने विजय के गौ सेवा संरक्षण अभियान की सराहना करते हुए सहभागी होने की बात कही।

## नेशनल युवा कापरेटिव सोसायटी की वार्षिक कौन्सिल की बैठक आज से



**बिलासपुर।** नेशनल युवा कापरेटिव सोसायटी की दो दिवसीय वार्षिक कौन्सिल की बैठक 21 और 22 अगस्त को दिल्ली में होगी। इस बैठक में छत्तीसगढ़ से चंद्रशेखर बघेल जो प्रदेश प्रतिनिधि के रूप में और रितेश मोहरे रायपुर जिला के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होंगे। वे छत्तीसगढ़ के सहकारिता के क्षेत्र में होने वाले कार्यों का और युवाओं के लिए रोजगार मेला आदि आयोजन की योजना रुपरेखा का प्रेजेंटेशन देंगे। युवा सहकार को लेकर कई वर्षो से काम कर रही सहकारिता के क्षेत्र में नेशनल युवा कापरेटिव सोसायटी क्रेडिट सोसायटी एवं मल्टी सोसायटी, रोजगार, फाइनेंस को लेकर युवाओं के बीच 1990 से कार्य कर रही है। जिसमे देश भर में कई आयामों और बैंकिंग सेक्टर स्कील डेवलपमेंट एवं प्रधानमंत्री के जन कल्याणकारी योजनाओं से युवा सहकार को समायोजित तरीके से युवाओं को रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है। एनवायसीएस इसी संदर्भ में लगातार युवा सहकार पत्रिका और छोटे छोटे क्रेडिट बेस सहकारी बैंक इत्यादि का संचालन करती है। जिसकी वार्षिक आम सभा बैठक प्रत्येक वर्ष दिल्ली में होती है जहां वर्षभर के सभी राज्यों में किए गए उल्लेखनीय कार्य का वृत्त एवं बिजनेस संबंधित कार्य का विवरण बैठक में रखी जाती है। बजट आडिट रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाता है।

**एजुकेशन प्लस**

## ड्रीमलैंड हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने जन्माष्टमी पर दी प्रस्तुति



**बिलासपुर।** ड्रीमलैंड हायर सेकेंडरी स्कूल में जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा पहली के बच्चों ने राधा कृष्ण बनकर बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी।

श्री कृष्णा के जन्म पर आधारित अद्भुत झांकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। बच्चे उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिए। पुष्पा बैगुर कृष्ण के जन्म उत्सव पर पौराणिक एवं धार्मिक जानकारी दी। मंच का संचालन अक्षत गंधर्व एवं लक्ष्य पटेल के शंखनाद से हुआ। शिवांश द्विवेदी, कान्हा साहू ने मंत्र उच्चारण करके वातावरण में शांति एवं नकारात्मकता को दूर किया। अर्णव शुक्ला, अश्विका शर्मा, दीपांशी ने कृष्ण के बालरूप के जीवन पर आधारित नृत्य एवं संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों ने बहुत ही आनंद और उमंग के साथ कृष्ण जन्माष्टमी मनाई।

# कांग्रेस में अब तक पूरा नहीं हो पाया मंडल व सेक्टर कमेटियों का गठन

**बिलासपुर।** कांग्रेस संगठन में सृजन अभियान तहत मंडल व सेक्टर कमेटियों के गठन का काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। कांग्रेस प्रदेश संगठन की ओर से मंडल कमेटी और सेक्टर कमेटी के गठन को लेकर पार्टी ने 5 अगस्त तक डेटलाइन तय की थी, जिसे बढ़ाकर 11 अगस्त किया गया था। लेकिन उसके बाद भी अभी तक कवायद चल रही है।

अखिल भारतीय कांग्रेस के उदयपुर अधिवेशन में लिए गए निर्णय के अनुसार कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम चल रहा है। इसके तहत पूरे छत्तीसगढ़ में मंडल कमेटियों और सेक्टर कमेटियों का गठन की कवायद चल रही है। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने हरेक ब्लॉक के लिए प्रभारी नियुक्त किया है और जिला, शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा भी मंडल व सेक्टर प्रभारी बना दिया गया है। इस तरह से मंडल और सेक्टर कमेटियों के गठन को लेकर ब्लॉकों में लगातार बैठकें चल रही है। मंडल कमेटी और सेक्टर कमेटी का गठन 5 अगस्त तक पूरा करना था। इसके लिए कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन, पदाधिकारियों की राय ली जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस की ओर से मंडल व सेक्टर कमेटी का गठन करके प्रभारियों को सूची सौंप दी जाएगी, जो जिला प्रभारी को रिपोर्ट भेजेंगे और जिला द्वारा प्रदेश कांग्रेस को भेजी जाएगी।

# एयरपोर्ट में सुविधाओं की कमी,जन संघर्ष समिति ने कलेक्टर से की मुलाकात

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात की। इसदौरान समिति के सदस्यों ने एयरपोर्ट पर बुनियादी सुविधाओं की कमी, टर्मिनल भवन के विस्तार, रनवे में सुधार आदि मांगों को लेकर 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात कर समस्या सुनी और जल्द से जल्द निराकरण का भरोसा जताया है। सदस्यों ने बताया कि मुख्य भवन के बाहर एक कैंटीन टॉयलेट टैक्सी सुविधा में सुधार तत्काली की जाए, उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी एयरलाइन मीट, भूमि हस्तांतरण, 4सी एयरपोर्ट व डीपीआर का टेंडर जैसी मांगों को प्रमुखता से रखा गया। सदस्यों ने कहा कि एयरपोर्ट पर संभाग भर से यात्री आते है, टर्मिनल भवन के बाहर कोई भी खाद्य या पेय सामग्री नहीं मिलती है। मुख्य भवन के बाहर टॉयलेट भी नहीं है। इस दौरान रवि बनर्जी, मनोज तिवारी, बद्री यादव, समीर अहमद बबला, मजहर खान, गोपी राव, प्रतीक तिवारी और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

## चौकसे कॉलेज में लॉ के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम



**बिलासपुर।** चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स में लॉ के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम - विद्यारंभ 2025 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि छग हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस चंद्र भूषण बाजपेई थे।

प्रबंधन निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने उनका स्वागत किया। श्री बाजपेई ने न्याय व्यवस्था में अधिवक्ताओं की भूमिका, कानून के क्षेत्र में करियर संभावनाओं तथा नैतिक मूल्यों के पालन पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को न केवल विधि ज्ञान अर्जित करने बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। श्री जायसवाल ने विद्यार्थियों को कानून के क्षेत्र में अवसरों, चुनौतियों तथा समाज में वकील की भूमिका पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. मंतोष कुमार सिन्हा एवं रजिस्ट्रार ने विद्यार्थियों को विधि शिक्षा की महत्ता एवं इसके उज्ज्वल भविष्य के बारे में मार्गदर्शन दिया। भारतीय न्याय प्रणाली, कानून की पढ़ाई में अनुशासन और नैतिक मूल्यों की आवश्यकता तथा करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन तनुजा ब्रिथरें ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री वर्षा बर्मन ने किया।

## कुलपति प्रो. चक्रवाल ने केन्द्रीय मंत्री ओराम से भेंट की

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने 19 अगस्त को नई दिल्ली में केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री, भारत सरकार जुएल ओराम से भेंट की।

मुलाकात के अवसर पर कुलपति प्रो चक्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय जनजातीय गौरव को संरक्षित करने के लिए निरंतर सकारात्मक एवं सार्थक प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में स्वतंत्रता दिवस पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित ब्रिटिश शासनकाल के प्राचीन संरचना के भग्नावशेष के जीर्णोद्धार स्थल पर जनजातीय वीथिकाः भारतीय जनजातीय नायक केंद्र का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर गुरु घासीदास विश्वविद्यालय और ट्राइबल रिसर्च एंड नॉलेज सेंटर नई दिल्ली के मध्य एमओयू भी हुआ। कुलपति श्री चक्रवाल ने मंत्री श्री ओराम को बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से तीन प्रस्ताव जिनमें छत्तीसगढ़ के जनजातीय गौरव को संरक्षित करने के लिए संग्राहलय, जनजातीय युवाओं को कौशल विकास के माध्यम आत्मनिर्भर बनाने के लिए इंटीग्रेटेड कम्यूनिटी ट्रेनिंग, एम्पावरमेंट एंड सस्टेनेबल डेवेलपमेंट ऑफ शैड्यूल्ड ट्राइब इन छत्तीसगढ़ नाम से




केन्द्र की स्थापना तथा जनजातीय युवाओं में स्वनिहित तीरंदाजी प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने ट्राइबल आर्चरी सेंटर एंड स्टेडियम की स्थापना से संबंधित प्रस्ताव जनजातीय कार्य मंत्रालय को भेजे गए हैं। केन्दीय मंत्री श्री ओराम ने गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रगतिशील कार्यों की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों से जनजातीय समाज का समग्र सामाजिक व आर्थिक विकास एवं उन्नयन सुनिश्चित होगा। केन्द्रीय मंत्री श्री ओराम ने गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के विकास के लिए निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग का आश्वासन दिया।

## बारिश ने खराब किया प्लेटफार्म में पड़ा पार्सल

**बिलासपुर।** मंगलवार की शाम हुई बारिश ने जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के व्यवस्था की भी पोल खोल दी। यात्रियों को गर्मी की धूप के साथ बारिश के पानी से बचाने के लिए रेल प्रशासन ने सभी प्लेटफार्म पर शेड लगाकर रखा हुआ है। इसके साथ ही पुराने और जर्जर होने वाले शेड को तत्काल बदलने का भी काम किया जाता है, ताकि प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करने के लिए खड़े यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। इसका विपरीत कार्य बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में हो रहा है। नागपुर एंड की ओर बने पार्सल कार्यालय के ज्यादातर सामान प्लेटफार्म नम्बर 7-8 पर पड़े रहते हैं, जहां से उसकी लोडिंग व अनलोडिंग की जाती है। मंगलवार की शाम अचानक हुई बारिश के कारण प्लेटफार्म के ऊपर लगे शेड से पानी इस कदर गिरने लगा, जिससे वहां रखे पार्सल के सामान खराब हो गए। तेज बारिश की वजह से कोई भी कर्मचारी उसे हटाने के लिए भी मौके पर नहीं पहुंच सका।

## अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष को दी बधाई



**पॉलिटिक्स प्लस**

**बिलासपुर।** भाजपा द्वारा रायपुर के मखमूर इक़बाल खान को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। इससे अल्पसख्यकों में उत्साह का माहौल है। उनका अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य विधानसभा जिला प्रभारी शाहिद रज़ा ने पुष्प गुच्छ व शाल से सम्मान किया। प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान शाहिद रज़ा टीपू खान ने उनके निजी ऑफिस में मुलाक़ात कर बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### अलग अलग सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत

**बिलासपुर।** अलग अलग सड़क हादसे में बस व कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस वाहन चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, सकरी ग्लोबल सिटी निवासी नंदकुमार कोशले पिता कुंवर कोशले 26 साल काम से बाइक क्रमांक सीजी 10 बीवाय, 7547 से सेंदरी गए थे। काम निपटाने के बाद रात में वापस लौट रहे थे। सेंदरी नया पुल के आगे कार क्रमांक सीजी 10 बीयू, 9265 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में नंदकुमार कोशले की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दयानंद कोशले की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धरा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना में कोटा पुलिस के अनुसार, तखतपुर साल्हेडबरी निवासी भविष्य राज पिता रामलखन राज 19 अगस्त को बाइक से चचेरे भाई यश कुमार राज के साथ पीपरखूंटी अपनी दीदी के घर जा रहे थे। लिटिया के पास बस क्रमांक सीजी 10 जी, 0806 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में भविष्य राज की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शादी का झांसा देकर छात्रा से अनाचार, रेलवे गार्ड गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर छात्रा से अनाचार करने वाले रेलवे गार्ड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया, ओडिशा की रहने वाली एक युवती तारबाहर क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर एलएलबी की पढ़ाई कर रही है। वर्ष 2024 में उनकी मोबाइल के माध्यम से तितली चौक मेडिकल कालोनी निवासी रेलवे गार्ड बालाजी दीप डिहरिया से जान पहचान हुई। गार्ड ने छात्रा के किराए के रूम में बुलाया और शादी करने झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद वह लगातार संपर्क में रहा। छात्रा ने शादी करने का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है।

### सड़क दुर्घटना में एक्टिवा सवार की मौत

**बिलासपुर।** जिले के रानी गांव के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में



एक्टिवा सवार की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा बुधवार दोपहर लगभग 2 बजे के आसपास का है जब एक्टिवा चालक रतनपुर से बिलासपुर लौट रहा था। मृतक की पहचान लक्ष्मी चंद्र देवांगन जूना बिलासपुर के रूप में हुई है। जिनकी उम्र लगभग 52 वर्ष बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार रानी गांव के पास तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने एक्टिवा को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक्टिवा सवार की सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना नजदीकी पुलिस चौकी को दी। सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए हॉस्पिटल भेजा। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश रतनपुर पुलिस कर रही है। परिजनों को जब इस हादसे की जानकारी मिली तो घर में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ट्रक चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शासन को भेजा गया 379 करोड़ का प्रस्ताव | 20 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को मिलेगा लाभ

# पाराघाट बैराज का पानी लिफ्ट कर सीपत व मस्तूरी के 93 गांवों को सिंचित करने की तैयारी


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

सिंचाई विभाग द्वारा पाराघाट बैराज के पानी को खारंग की मुख्य नहर में लिफ्ट कर टेल एरिया में बसे सीपत व मस्तूरी क्षेत्र के 93 गांवों को बारहों महीने सिंचित करने की तैयारी की जा रही है। योजना के लिए शासन को न केवल 379 करोड़ रूपए का प्रस्ताव भेजा गया है, बल्कि बजट में शामिल भी कर लिया गया है। योजना को स्वीकृति मिलने की दशा में तीन साल के भीतर इसका निर्माण पूर्ण हो सकेगा, जिससे क्षेत्र की 20 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी।

मस्तूरी क्षेत्र के अंतिम छोर पर बसे जोंधरा, सोन, सोनसरी सहित करीब 93 गांवों के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। अब उन्हें खारंग की नहर का पानी विलंब से मिलने के कारण फसल खराब होने जैसी शिकायत नहीं रहेगी। खारंग जल संसाधन संभाग द्वारा लीलागर नदी पर पाराघाट में बनाए गए बैराज के पानी को लिफ्ट करके खारंग की मुख्य नहर से जोड़कर अंतिम छोर पर बसे गांवों तक पानी उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत लीलागर नदी पर स्थित पाराघाट व्यपवर्तन योजना के अपस्ट्रीम में दायीं तट पर पंप हाउस का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह पाइप लाइन के माध्यम से पानी लिफ्ट कर बायीं तट मुख्य नहर की आरडी 35 हजार 700 मीटर देवगांव व्यपवर्तन योजना व पाराघाट शाखा नहर को जल प्रदाय किया जाएगा।

इस योजना से सीपत क्षेत्र के 16 व मस्तूरी के 77 गांवों के 20 हजार 651 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी। योजना के अंतर्गत खारंग जलाशय में भी प्रतिवर्ष 102 मि घ. मी. पानी की बचत हो सकेगी। योजना का प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट में शामिल किया गया है। योजना की खास बात यह है कि इसके अंतर्गत कोई वनक्षेत्र व कोई डुबान एरिया भी नहीं है। योजना की लागत भी अपेक्षाकृत कम है। ऐसी स्थिति में जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद की जा रही है। स्वीकृति मिलने की स्थिति में तीन साल के भीतर योजना को जमीनी स्तर पर मूर्त रूप दिया जा सकेगा।



### समस्या का होगा स्थाई समाधान

पाराघाट बैराज से लिफ्ट कर खारंग की मुख्य नहर तक पानी लाने की योजना है। इसके लिए शासन को 379 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव वर्तमान वार्षिक बजट में शामिल है। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर तीन वर्ष के भीतर कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस योजना से मस्तूरी व सीपत क्षेत्र के 93 गांवों की करीब 20 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी। योजना से क्षेत्र के किसानों की पिछले 52 साल की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

-मधु कुमार चंद्रा
ईई खारंग जलसंसाधन संभाग

### खत्म हो जाएगी 52 साल की समस्या

खारंग जलाशय की बायीं तटनहर की लंबाई 75 किलोमीटर है। सिंचाई के लिए गेट खोलने पर टेल एरिया में बसे गांवों तक पानी पहुंचने में करीब 25 दिन लग जाते हैं। इन 25 दिनों में कई बार काफी कुछ नुकसान हो चुका होता है। खारंग नहर के अंतिम छोर पर बसे सीपत व मस्तूरी क्षेत्र के 93 गांव बीते 52 साल से इस समस्या से जूझ रहे हैं। हर बार अपनी फसल बचाने ग्रामीणों को कलेक्टर का दरवाजा खटखटाना पड़ता है, लेकिन यहां से भी वे सिर्फ आश्वासन लेकर ही लौटते हैं, क्योंकि खारंग से टेल एरिया तक की जो दूरी है, उसके हिसाब से अंत तक पानी पहुंचने में 25 दिनों का समय लगना ही है। योजना की स्वीकृति के बाद किसानों की 52 साल की यह समस्या अब समाप्त हो सकेगी।

### कम होगा खारंग जलाशय का लोड

खारंग जलाशय खूंटाघाट की लगभग 110 किलोमीटर लंबी बायीं व दाहिनी तट नहरों के माध्यम से वर्तमान में 212 गांवों की 48 हजार 785 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी तहर 75 सौ हेक्टेयर भूमि की रबी फसल सिंचित करने की जिम्मेंदारी भी है। गर्मी के मौसम में गांवों में तालाब का पानी पूरी तरह सूख जाने के बाद निस्तारी के लिए तालाबों को भरने का जिम्मा भी खारंग का ही है। इसी तरह अमृत मिशन के अंतर्गत बिलासपुर शहर को साल भर पानी देने के समझौते के बाद अब रतनपुर नगर पालिका भी खारंग से पानी लेने की तैयारी में है। ऐसे में पाराघाट बराज से लिफ्ट के जरिए 93 गांवों की 20 हजार हेक्टेयर फसल को पानी देने से खारंग का इतना पानी बचाया जा सकेगा, जो निस्तारी के लिए उपयोग में लाया जा सकेगा।





### हरकत में आया विद्युत मंडल

**बिलासपुर।** हरिभूमि द्वारा 18 अगस्त के अंक में शहर में झुक गए बिजली के खंबे संबंधी खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी, इसके बाद विद्युत मंडल हरकत में आ गया है। बुधवार को पुलिस क्वार्टर के पास गिरने की कगार पर पहुंच चुके बिजली के खंबे की जगह दूसरा खंबा लगाया गया। उल्लेखनीय है कि इस खंबे को गिरने से बचाने के लिए नायलोन की रस्सी से बांधकर रखा गया था। इस खंबे के बाद अब दूसरी जगहों के खंबे बदलने जाने का इंतजार किया जा रहा है।

## 15 दुकानों की जांच और सिर्फ 2100 की चालानी कार्रवाई

अभियान में नगर निगम व सकरी पुलिस भी शामिल

कोटपा एक्ट के अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई



दुकानों में छापामार कार्रवाई करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खाद्य औषधि प्रशासन, नगर निगम एवं सकरी पुलिस ने कोटपा एक्ट के अंतर्गत दुकानों में छापामार कार्रवाई की गई। इसके अंतर्गत आत्मानंद स्कूल परिसर सकरी, कानन पेंडारी, एवं कोटा बायपास क्षेत्र के आसपास स्थित 15 प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 एवं 6 का उल्लंघन होना पाए जाने पर संबंधितों पर 2100 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा बुधवार को नगर निगम जोन क्रमांक एक एवं सकरी थाना के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कोटपा एक्ट के अंतर्गत दुकानों की जांच की गई। कोटपा एक्ट की धारा 6 अनुसार स्कूल के 100 गज के अंदर तंबाकू पदार्थों की बिक्री नहीं होनी चाहिए, लेकिन इस धारा का उल्लंघन करते पाए जाने की स्थिति में 02 दुकानों को तंबाकू पदार्थ नहीं बेचने की हिदायत दी गई है।इसी तरह एक्ट की धारा 4 के अनुसार सार्वजनिक स्थान में धूम्रपान प्रतिबंधित किया गया है, जिसका उल्लंघन करते पाए जाने पर एक व्यक्ति पर कार्रवाई की गई। सकरी क्षेत्र के आस पास स्थित बारह दुकान संचालकों, जिनके द्वारा तंबाकू उत्पाद बेचे जा रहे हैं, उन्हें धूम्रपान निषेध एवं 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू उत्पाद नहीं बेचे जाने संबंधी लिखित में बोर्ड लगाने हेतु कहा गया है। निरीक्षण के दौरान तीनों विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

मुम्बई में हो रही बारिश से हावड़ा जाने वाली ट्रेनें घंटों देर से चल रहीं

# बिगड़ी ट्रेनों की चाल, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुम्बई में हो रही बारिश के कारण ट्रेनों की चाल भी धीमी हो गई है। रेल लाइन पर पानी भरने की वजह से लेट रवाना किए जाने से बिलासपुर से हावड़ा की ओर आने-जाने वाली ट्रेनों के परिचालन पर भी असर पड़ रहा है, जिसके कारण मुम्बई से बिलासपुर होकर हावड़ा जाने वाली दूरंतो सहित मेल व अन्य एक्सप्रेस भी घंटो लेट चलने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रद्द ट्रेनों के साथ लेट लतीफी के कारण लाखों की संख्या में यात्री प्रतिदिन हलाकान हो रहे हैं। बिलासपुर आने वाली नागपुर-बिलासपुर वंदेभारत एक्सप्रेस को छोड़कर हावड़ा-मुम्बई रूट की ट्रेनों के साथ कोई भी ट्रेनें समय पर नहीं पहुंच पा रही है। तीन घंटे से अधिक ट्रेन के लेट होने से कई यात्री अपनी टिकिट रिफंड कर रहे हैं। वहीं यात्रियों की कनेक्टिंग ट्रेनें भी संबंधित स्टेशन पहुंचने से पहले ही छूट जा रही है। रेलवे अधोसंरचना का कार्य करने के कारण ट्रेनों को लेट रवाना कर रही है। वहीं पिछले दो दिन में मुम्बई से हावड़ा के बीच चलने वाली ट्रेनों की चाल को बारिश ने धीमा कर दिया है। बिलासपुर और रायपुर के साथ हावड़ा-मुम्बई की ट्रेनें नागपुर डिवीजन होकर चलती है, जिसमें प्रतिदिन 40 हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं। मुम्बई में बारिश की वजह से रेल की पटरियों में भी पानी भरने की स्थिति हो गई है, जिसके कारण अफसरों के आदेश पर मुम्बई की ट्रेनों को निर्धारित समय से घंटों लेट रवाना किया जा रहा है। इसका असर बिलासपुर आने वाली ट्रेनों पर भी हो रहा है, जहां ट्रेनों की लेट लतीफी के कारण सुबह से स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को शाम रात तक इंतजार करना पड़ रहा है। बारिश की वजह से सबसे अधिक लेट चलने वाली फ्लैक्सी फेयर की ट्रेन दूरंतो शामिल है, जो यात्रियों से बर्थ कम होने के साथ चार गुना से अधिक किराए की राशि लेकर भी समय पर नहीं चल पा रही है। इस लेट लतीफी में मेल एक्सप्रेस, ज्ञानेश्वरी सहित अन्य ट्रेनें भी शामिल हैं, जो बिलासपुर स्टेशन में शाम के बजाय रात और देर रात को पहुंच रही है। मुम्बई से आने वाली ट्रेनों के साथ हावड़ा की ओर से बिलासपुर आने वाली ट्रेनों की चाल भी बिगड़ गई है।



### लेट होने वाली ट्रेनें

- शाम 4.50 बजे आने वाली 20472 पुरी से श्री गंगानगर जंक्शन सुपरफास्ट एक्सप्रेस रात 8 बजे के बाद यानि 3 घंटे से लेट।
- सुबह 7.30 बजे आने वाली 22511 मुम्बई एलटीटी से कामख्या जंक्शन रात 9 बजे के बाद यानि 14 घंटे से अधिक।
- शाम 6.10 बजे आने वाली सीएसएमटी-हावड़ा जंक्शन मेल रात 11 बजे के बाद 5 घंटे से अधिक।
- शाम 4.05 बजे आने वाली मुम्बई एलटीटी-शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस देर रात 1 बजे के बाद 9 घंटे लेट।
- रात 8.05 बजे आने वाली 12879 मुम्बई एलटीटी-भुवनेश्वर सुपरफास्ट एक्सप्रेस देर रात 1 बजे के बाद 6 घंटे लेट।
- देर रात 1.15 बजे आने वाली 12768 संतरागाछी जंक्शन से हजुर साहेब नांदेड़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस गुरवार की सुबह 4 बजे 4 घंटे लेट।
- सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर आने वाली 12261 सीएसएमटी-हावड़ा जंक्शन एसी दूरंतो एक्सप्रेस दूसरे दिन गुरुवार की सुबह 4 बजे के बाद यानि 19 घंटे लेट।
- सुबह 7.35 बजे आने वाली 22906 शालीमार-ओखा एक्सप्रेस दोपहर 12 बजे के बाद यानि 5 घंटे से अधिक लेट।
- सुबह 9 बजे आने वाली हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस दोपहर 1 बजे के बाद साढ़े घंटे से अधिक।
- सुबह 11.35 बजे आने वाली 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस दोपहर 3 बजे के बाद साढ़े 3 घंटे लेट।
- दोपहर 2.55 बजे आने वाली 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस शाम 6 बजे के बाद 4 घंटे लेट।
- शाम 4 बजकर 5 मिनट पर आने वाली मुम्बई-शालीमार एक्सप्रेस देर रात 1 बजे के बाद 10 घंटे लेट।

## युवकों ने ढाबा संचालक के साथ की मारपीट, फुटेज वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शराब नहीं पीने देने से युवकों ने ढाबा संचालक के साथ जमकर मारपीट कर ढाबे में तोड़फोड़ कर दी है। सोशल मीडिया में मारपीट की फुटेज जोरों से वायरल हो रहा है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, बोदरी समृद्धि कालोनी निवासी कुशल मखीजा पिता स्व. सतीश कुमार माखिजा ढाबा चलाते हैं। 17 अगस्त की रात 11 बजे अंकित तिवारी अपने साथियों के साथ उनके ढाबा में खाना खाने गया। उसने कर्मचारियों से कहा कि वे खाना खाएंगे और शराब पिएंगे। श्री माखिजा ने उन्हें शराब नहीं पीने देने की बात कही। इस पर युवक खाना खाने के बाद चले गए। 18 अगस्त रात 10 बजे अंकित तिवारी, छोटू कश्यप एवं अन्य साथी उनके ढाबा गए और उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर मारपीट की। बाहर निकलते हुए पत्थर मारकर दरवाजे के कांच को भी तोड़ दिया। मारपीट की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सोशल मीडिया में सीसीटीवी फुटेज जोरों से वायरल हो रहा है। पुलिस ने ढाबा संचालक श्री माखिजा की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, , 3, 5, 324, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा 14 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यापमं की ओर से जिला पुलिस बल में कॉन्स्टेबल पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। लिखित परीक्षा 14 सितंबर को ली जाएगी।

## चोरी करने घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा, 5 बाइक जब्त





**बिलासपुर।** पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दूसरी बार चोरी करने के लिए घूम रहे युवक को पकड़ लिया है। उसके पास से चोरी की 5 बाइक जब्त किया गया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, पिछले दिनों टिकरापारा क्षेत्र से स्कूटी चोरी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक चोरी करते नजर आ रहा था। फुटेज के आधार पर पुलिस चोर के पतासाजी में लगी हुई थी। टीआई श्री राठौर, गोकुल जांकड़े क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान संदेही के सकल का लोमरी गोड़खाम्ही निवासी विशाल यादव पिता शिवप्रसाद यादव 23 साल को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने कोतवाली क्षेत्र से 4 व सिविल लाइन क्षेत्र से 1 बाइक चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर चोरी की 2 बाइक, 3 एक्टिवा बरामद की गई है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
10 दिन
स्लीपर मात्र 17,500/-
राजस्थान टूर
जयपुर , जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
11 सितंबर, 9 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 29 अगस्त 2025 13 सितंबर 2025 10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय महासचिव के लिए निखिल का मनोनयन



**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीति भागीदारी मंच के राष्ट्रीय सचिव संजीव कुमार सोनी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रांत में संगठन के विस्तार एवं युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई। संगठन के सामाजिक विकास के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए मुंगेली के निखिल सोनी को राष्ट्रीय महासचिव युवा प्रकोष्ठ के रूप में मनोनीत किया गया है। रविवार को स्मार्ट सिटी आवासीय परिसर में राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीति मंच के राष्ट्रीय सचिव संजीव सोनी ने युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव निखिल सोनी को मनोनयन पत्र देकर पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई गई।

### अग्रसेन कॉलेज में 'नशामुक्त भारत अभियान' कार्यक्रम



**बिल्हा।** अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में 'नशामुक्त भारत अभियान' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी ने की। इस दौरान उन्होंने कहा कि, नशा व्यक्ति और समाज दोनों के लिए घातक है, इसलिए युवाओं को इससे दूर रहकर स्वस्थ एवं सशक्त भारत निर्माण में योगदान देना चाहिए। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी से आई हुई बहनों ने नशा के दुष्प्रभाव को चलचित्र के माध्यम से प्रभावी ढंग से समझाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी खगेश कुमार ने विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ डी मिंज, डॉ एमआर आगर, संजय अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी ने नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

### प्रखंड में मनाया गया विहिप का 61वां स्थापना दिवस



**लोरमी।** विश्व हिन्दू परिषद का 61वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन राजपूत भवन में किया गया। प्रखंड द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राम दरबार के समक्ष पूजा-अर्चना कर किया गया। मुख्य वक्ता अशोक तिवारी सह प्रांत कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक आरएसएस ने बताया कि, हिन्दुओं को एकजुट होने का समय आ चुका है, क्योंकि आपसी फूट का फायदा अंग्रेजों ने कई वर्षों तक उठाया है। जयजयराम राजपूत अध्यक्ष प्रखंड ने प्रखंड व खंडों के किए गए कार्यों की जानकारी दी व सराहना की। समारोह को बालमुकुंद वैष्णव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मनोज मिश्रा, चेतन शर्मा, प्रखंड मंत्री कीर्ति वैष्णव, महेंद्र खत्री, प्रदीप उपाध्याय, शेर सिंह, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, अशोक फौजी, सुदर्शन सिंह, होमेन्द्र साहू, सुदन साहू, योगेन्द्र साहू, नरोत्तम सिंह, पूर्णिमा अहिरवार, महावीर सिंह, धनंजय साहू, रमेश कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूनम सिंह राजपूत जिला सह मंत्री विहिप ने किया।

### घुठेरा में सतनामी समाज ने मनाई बालक दास जयंती



**मुंगेली।** ग्राम नवागांव घुठेरा में सतनामी समाज की ओर से बाबा गुरु बालक दास जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। सुबह सरपंच एवं समाज के वरिष्ठजनों ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की एवं शाम के समय भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो पूरे गांव में भ्रमण करते हुए मानव एक समान का संदेश देती रही। वहीं बाबा गुरु बालक दास जी के जीवन आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। मुख्य आयोजन बालक दास सतनामी समिति नवागांव घुठेरा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में देवा टोण्डे, कृष्णा टंडन, नरेंद्र टोण्डे, दीपक अनंत, भीखम अनंत, लाला बघेल, समाज पंडित धर्मेंद्र व सरपंच नारायण साहू का विशेष योगदान रहा। इस दौरान समाज के लोगों ने बाबा गुरु बालक दास जी के बताये मार्ग पर चलने और समाज में समरसता व भाईचारे का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।

### नियमित स्वास्थ्य जांच सहित टीकाकरण कार्य भी प्रभावित

# एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर, बेपटरी हुई स्वास्थ्य सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नियमितीकरण, वेतन वृद्धि सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिले भर के एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रही। सोमवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने से जिला अस्पताल सहित जिले के सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। नियमित कर्मचारियों के भरोसे चल रहे अस्पताल में समय पर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलने से मरीज व स्वजन हलकान हो रहे हैं। दूसरी ओर मितानिनों के हड़ताल में चले जाने से व्यवस्था बेपटरी होने लगी है। टीकाकरण का कार्य प्रभावित हो रहा है। गर्भवती माताओं की होने वाली नियमित स्वास्थ्य जांच भी प्रभावित हो रही है।

कर्मचारी तीसरे दिन भी आगर क्लब मैदान में हाथों में तख्ती लेकर धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी करते रहे। कर्मचारियों की हड़ताल के दिन से ही जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्य प्रभावित हो रही हैं। नतीजा ग्रामीणों को परेशानी झेलने को विवश होना पड़ रहा है। नियमित टीकाकरण की जिम्मेदारी बहुउद्देशीय स्वास्थ्यकर्ताओं पर रहती है। जिले में प्रतिदिन सैकड़ों बच्चों को टीका लगाया जाता है। कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से टीकाकरण का कार्य प्रभावित हो रहा है। गर्भवती माताओं की होने वाली नियमित स्वास्थ्य जांच भी प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों के हड़ताल का व्यापक असर ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी पड़ रहा है। जिले के अधिकांश अस्पताल संविदा कर्मचारियों के भरोस चल रहे हैं। कुछ स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित स्टाफ नहीं होने से यहां ताले लटकने की नौबत आ गई है। इलाज की सुविधा के अभाव लोगों को निजी अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ रही है। संघ के पदाधिकारी अमित दुबे, पवन निर्मलकर, डॉ. अखिलेश बंजारे, देवी प्रसाद साहू, अमित सिंह, राजकुमार साहू, भुवन साहू, जीतेन्द्र गौचंद, कैनेड़ी, रितेश मिश्रा, शशांक उपाध्याय, सुष्मा पाण्डेकर, अमिताभ तिवारी, डॉ. मीनाक्षी बंजारे, डॉ. विजयलक्ष्मी यादव, संतोष बघेल, बलराम साकत, गोविन्द साहू, पुष्पांजलि डहरिया, शकुंतला बंजारे, देवी प्रसाद आदि मौजूद थे।



धरने पर बैठे एनएचएम कर्मचारी।

**प्रदर्शनकारियों की मांग:** धरने पर बैठे संविदा कर्मचारियों की मांग है कि 10 सूत्रीय मांगो मे संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, कार्य मूल्यांकन सीआर में पारदर्शिता, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकम्पा नियुक्ति, मेडिकल व अवकाश सुविधा, स्थानांतरण नीति एवं 10 लाख तक कैशलेस स्वास्थ्य बीमा प्रमुख है।

### हड़ताल का तीसरा दिन



पेंड्रा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16 हजार से अधिक कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर अड़े हुए हैं। हड़ताल के तीसरे दिन कर्मचारियों ने बाइक रैली निकालकर जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश में पिछले दो दशकों से संविदा पर कार्यरत एनएचएम कर्मचारी कोरोना काल में फ्रंटलाइन वॉरियर्स रहे। बावजूद इसके, उन्हें अब तक न तो नियमितिकरण मिला और न ही न्यायोचित वेतन। 20 वर्षों की सेवा के बाद भी अधिकारों से वंचित हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यापक असर पड़ रहा है, शहर से लेकर गांव तक स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई हुई है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला संयोजक अरविंद सोनी, जीपीएम ब्लॉक अध्यक्ष पूरन लाल साहू, प्रकाश शेखर सिंह, देवेन्द्र शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# स्व. राजीव ने लिया था भारत के नवनिर्माण का संकल्प



**मुंगेली।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का जयंती कांग्रेसजन ने उन्हें याद किया। जयंती जिला, शहर, कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन पड़ाव चौक में मनाई गई। जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने भारत नव निर्माण और विकास का जो संकल्प लिया था। आधुनिक भारत के निर्माण की उसे पूरा करने हमे मिल जुलकर हम सबको पूरी शक्ति के साथ जुटना होगा। स्वतंत्र मिश्रा ने कहा राजीव गांधी भारत के इतिहास में सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने पद संभाला। उन्हें आधुनिक भारत का शिल्पकार कहा जाता है। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थानेश्वर साहू, दिलीप बंजारा, संजय यादव जागेश्वरी वर्मा, सागर सोलंकी, उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, अध्यक्ष रामचंद्र साहू, मकबूल खान, जीतू श्रीवास्तव, जय सोनी, नीरज यादव, संजय ठाकुर, राजेश सोनी, जलेश यादव, पार्षदगण, संजय चंदेल, अजय साहू, कुलदीप पाटले, राजू खान, इंद्रजीत कुर्रे, नरेंद्र साहू, महेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, देव साहू, मुकेश जायसवाल, मुकेश गिरी, आदि उपस्थित रहे।

### जयंती पर याद किए गए पूर्व पीएम राजीव गांधी



**पेंड्रा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें नमन किया। इस दौरान स्वर्गीय राजीव गांधी को याद करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा, कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा थे। उन्होंने अपने कार्यों से 21 वीं सदी के आधुनिक भारत की नींव रखी। राजीव गांधी ने भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभाली। उन्होंने देश में पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों को अधिकार संपन्न बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास ने कहा कि, राजीव गांधी ने देश में कम्प्यूटर और सूचना क्रांति की नींव रखी। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी ओमप्रकाश बंका, मदन सोनी, पार्षद पारस चौधरी, शारदा चरण पसारी, गब्बर रजक सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रंगोली में धनेश्वरी, मेहंदी में कुमारी को मिला प्रथम स्थान

**मुंगेली।** स्थानीय विनोबा नगर स्थित कस्तूरबा महिला कल्याण आश्रम समिति के द्वारा संचालित कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय की संस्थापिका गीता राय की जयंती पर चित्रकला मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जागृति महिला मंडल के पदाधिकारी सावित्री सोनी, शीला जायसवाल, ममता ठाकुर, शशि सोनी, मंजू सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ गीता राय के चित्र फलक के समक्ष पूजन अर्जन के साथ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य ब्रह्म दत्त त्रिपाठी के द्वारा किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी धनेश्वरी साहू, द्वितीय स्थान कुमारी निवी देवांगन, एवं तृतीय स्थान कुमारी साक्षी घिन्डोरे, मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी सरस्वती बारामती, द्वितीय स्थान कुमारी नैना देवांगन और तृतीय स्थान यामिनी एवं शारदा को संयुक्त रूप से दिया गया। कक्षा पहली से ज्योति साहू और कु. रितिका भी मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लिए थे, जो कि उल्लेखनीय रहा। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धर्मदास चतुर्वेदी, द्वितीय स्थान कुमारी दिव्या पटेल, तृतीय स्थान कुमारी यामिनी बंजारे को प्राप्त हुआ।



पुरस्कार वितरण करते अतिथि

### कलेक्टर ने ली समीक्षा समिति की बैठक

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनसुरक्षा योजनांतर्गत जनधन खाता, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की और आमजनों को सभी योजनाओं का लाभ दिलाने कहा। उन्होंने डिजिटल सेवा के संतृप्तिकरण के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप 15 दिनों में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में सभी बैंकों द्वारा वितरित किए गए स्वास्थ्य सहित अन्य ऋण की जानकारी देने और उनका समयबद्ध रिकवरी सुनिश्चित करने कहा।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्राओं का सर्वांगीण विकास निहित

**मुंगेली।** नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्नातक प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के छात्राओं के लिए दीक्षारंभ एवं इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. ज्वाला प्रसाद मिश्र विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शोभित बाजपेयी एवं मुख्य वक्ता के रूप में सहायक प्राध्यापक भौतिकी एनके पुरले रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्राची सिंह ने किया। महाविद्यालय की प्राचार्य का स्वागत वरिष्ठ प्राध्यापक मदनलाल कश्यप के द्वारा किया गया। स्नातक अंतिम वर्ष के छात्राओं ने प्राध्यापकों एवं स्नातक प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं का स्वागत किया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाविद्यालय के प्राचार्य ने स्वागत भाषण दिया । डॉ. शोभित बाजपेयी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, आधुनिक शिक्षा में नवाचार और कौशल क्षमता को विकसित करने में मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्य वक्ता एनके पुरले ने समस्त छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लेखित चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम एवं सतत आंतरिक मूल्यांकन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। स्नातक तृतीय सेमेस्टर की छात्रा एवं एनईपी ब्रांड एंबेसडर आंशी जांगड़े ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हम सभी छात्राओं का सर्वांगीण विकास निहित है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. जितेंद्र कुमार शर्मा एवं आभार प्रदर्शन प्रो. मदन लाल कश्यप के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राध्यापक प्रो. राजेश कुमार घोसले, प्रो. सुरेंद्र कुमार तिग्गा, अविनाश राठौर, डॉ. शशांक शर्मा, डॉ. डिंपल बंजारा, डॉ. डेजी रानी दिवाकर, मधु यामिनी सोनी, मनोरमा भास्कर, नीतू राजपूत एवं कार्यालयीन कर्मचारी गण बलराम यादव, जगन्नाथ जांगड़े, अश्विनी चंद्राकर, इंदु बाला बंजारे, सुशीला अनंत, कलावती और बड़ी संख्या में छात्राओं ने उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।



दीक्षारंभ कार्यक्रम में प्राचार्य एवं प्राध्यापक।

# चोरी के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुंगेली।** पृथ्वीग्रीन में 4 सूने मकानों का ताला तोड़कर 30 लाख नकदी व जेवरात चोरी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी का सामान व नकद जब्त किया गया है।



पुलिस गिरफ्त में चोरी का मुख्य आरोपी।

पुलिस के अनुसार 27 जुलाई को आयुष राम पिता सुनील कुमार राम ग्राम बुचुवाकापा जरहागांव मुंगेली हाल पृथ्वीग्रीन कालोनी फेस-1 मुंगेली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पृथ्वीग्रीन कालोनी फेस-1 मे 01 माह से सत्येन्द्र बर्मन के मकान में किराये के मकान में रहता है। पत्नी किरण राम जिला अस्पताल मुंगेली में ओटी में स्टाफ नर्स है 27 जुलाई को 8 बजे रात्रि प्रार्थी अपने पत्नी व छोटी बच्ची 02 वर्ष को लेकर घर में ताला लगाकर जिला अस्पताल मुंगेली चले गये थे और 27 जुलाई को सुबह करीबन 8.15 बजे वापस डयूटी कर घर आये तो कमरे के अदंर आलमारी खुला हुआ था। आलमारी में रखा घर बनाने के लिये 24 लाख 50 हजार रूपए एवं पत्नी का सोने का नेकलेस, चैन चुडी, अंगूठी, कान का बाली, झुमका तथा चांदी के पायल बिछिया चुडी को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है। कुल 29 लाख 80 हजार रूपए का चोरी हुई है। मामले में पुलिस ने फरार आरोपी मंजीत दिवाकर पिता समारू दिवाकर उम्र 21 साल निवासी दरूवनकापा थाना सरगांव को 19 अगस्त को पतासाजी कर हिरासत में लिया। उससे 1 नग सोने के अंगूठी एवं 35 हजार नकद एवं घटना के समय पहने टी शर्ट को जब्त किया।

# जेएमपी कॉलेज में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

**तखतपुर।** शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य तखतपुर नगर एवं उसके आसपास के शिक्षित युवतियों के लिए रोजगार उपलब्ध कराना था। इसके अंतर्गत गुजरात के भरूच जिले के दहेज में स्थित योकोहामा टायर कंपनी में मशीन ऑपरेटर के पद पर युवतियों को नियुक्त करना है। यह कैंप केवल महिलाओं के लिए ही आयोजित किया गया था, आने वाले समय में युवकों के लिए भी इस तरह के कैंप का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार दुबे ने कहा कि, नगर एवं उसके आसपास की छात्राओं के लिए रोजगार का एक सुनहरा अवसर है, जिसका उन्हें लाभ उठाना चाहिए। जिला रोजगार कार्यालय के उपसंचालक पीएस तिग्गा ने जानकारी दी कि, सभी छात्र-छात्राओं को जिला रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन करना आवश्यक है। भविष्य में रोजगार प्राप्त करने में यह पंजीयन बहुत जरूरी होता है, जिसकी जानकारी फॉर्म भरते समय मांगी जाती है। योकोहामा कंपनी की एचआर मैनेजर ममता गायकवाड़ ने सभी छात्राओं को इस कंपनी में तकनीकी मैनेजर के पद हेतु महत्वपूर्ण जानकारी दी, और कहा कि उन्हें इस सुनहरा अवसर का फायदा उठाना चाहिए एवं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर तखतपुर एवं उसके आसपास के 110 शिक्षित युवतियों ने भाग लिया जिसमें से 25 युवतियों ने प्लेसमेंट कैंप में मशीन ऑपरेटर के पद पर जाने हेतु रजिस्ट्रेशन कराया है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पार्वती पटेल ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर एस के पांडे, डॉक्टर राजीव शर्मा, डॉक्टर मीना शर्मा, डॉक्टर सीमा नाथ, डॉक्टर डीपी चंद्रवंशी, डॉक्टर राकेश कुर्रे, इंदु कौशल, शिवकुमार साहू, डॉक्टर ज्योति गोस्वामी, अजीत नेताम, डॉक्टर स्वाति पांडे, डॉक्टर नावेद सिद्दीकी और प्राची गुप्ता उपस्थित रहे।



# शातिर चोर गिरफ्तार, दो बाइक, एक स्कूटी जब्त

**सेतगंगा/मुंगेली।** शातिर बाईक चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी से 2 नग बाइक व 1 स्कूटी जब्त किया गया। थाना फास्टरपुर-सेतगंगा में धारा 303 (2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।



बाइक चोरी का आरोपी।

पुलिस के अनुसार 18 अगस्त को नरेन्द्र कुमार पिता यशवंत सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी सिल्ली, थाना फास्टरपुर-सेतगंगा 16 जुलाई को शाम करीब 6 बजे पुरानी होण्डा साईन बाइक क्रमांक सीजी 12 एजी-0803 से ग्राम सिल्ली बाजार सब्जी खरीदने गया था। वहां कोई अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने संदेही संतोष कुमार साहू को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। तो उसने जुर्म करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर नवागढ़ प्रिंस आटो पार्टस दुकान से बाइक क्रमांक सीजी 12 एजी 0803 को जप्त कर ग्राम सिल्ली स्थित कुंवर पेट्रोल पंप से आरोपी के निशानदेही पर हीरो होण्डा पैशन प्रो मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 सी.ए.-0685, एवं एक सफेद रंग की स्कूटी क्रमांक सीजी-04 डी.डब्लू-5162 को जब्त किया गया। आरोपी को ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण के आरोपी का पूर्व अपराधिक रिकार्ड चेक करने पर वाहन चोरी के प्रकरण थाना नवागढ़, जिला बेमेतरा में धारा 379,411,34 भादवि, एवं थाना सिरगिट्टी जिला बिलासपुर में मारपीट के धारा 294, 506, 323 भादवि पंजीबद्ध होना पाया गया है।

### शाला शिक्षा समिति की बैठक में रिक्त पदों पर हुई चर्चा

# भवन व शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई हो रही बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलतरा

बेलतरा की स्वामी आत्मानंद उमा विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य, शिक्षक, क्लर्क, अकाउंटेंट, पियून एवं वॉचमैन का पद रिक्त होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल में प्रभारी प्राचार्य का 1 पद, हिंदी व्याख्याता 2, अंग्रेजी व्याख्याता 1, इतिहास, राजनीति व भूगोल के व्याख्याता का 1-1 पद रिक्त है। साथ ही सहायक शिक्षक विज्ञान का 1, सहायक ग्रेड 3 का 1, लेखापाल का 1, भृत्य का 2, चौकीदार का 1 पद रिक्त है। प्राथमिक शाला का 1 पद एसडीएम कार्यालय अटैच है।

इसी तरह अंग्रेजी मीडियम में रसायन व्याख्याता का 1, शिक्षक का 3, सामाजिक विज्ञान, गणित व हिंदी के सहायक शिक्षक का 3, पीटीआई का 1 एवं लाइब्रेरियन का 1 पद रिक्त है। इन सभी रिक्त पदों के स्कूल की पढ़ाई बहुत हद तक प्रभावित हो रही है। ऐसे में इन सभी रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्तियों की आवश्यकता है, ताकि स्कूल की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके। शाला शिक्षा समिति की बैठक के दौरान उपरोक्त सभी रिक्त पदों को लेकर विस्तार से चर्चा के दौरान जानकारी उपलब्ध हुई। बैठक में शाला शिक्षा समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी जयसवाल, सदस्य रमेश जायसवाल, कृष्ण कुमार यादव जिला खनिज न्याय सदस्य, विजय साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं समस्त शिक्षक स्टाफ शामिल थे। उक्त बैठक में भवन की समस्या पर भी चर्चा की गई थी। शाला समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी जयसवाल इस संबंध में क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला को अवगत कराते हुए उच्च अधिकारी से बातचीत करने का निवेदन किया था।




### भर्ती की व्यवस्था करेंगे

स्कूल में भवन की समस्या व शिक्षक कमी के बारे में मुझे जानकारी मिली है। हम इस पर बहुत ही जल्द कलेक्टर से बातचीत कर शिक्षकों की भर्ती के लिए व्यवस्था करेंगे। रही बात भवन की तो, वह भवन विवादित स्थिति में फंसा हुआ है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बातचीत कर समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके।

**- के तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी

### जुलूस निकालकर दिया गया 'मनखे-मनखे एक समान' का संदेश



**मुंगेली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजागुरू बालक दास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सतनाम भवन से राजा गुरु बालक दास की पूजा-अर्चना कर नगर भ्रमण किया गया। मनखे-मनखे एक समान का संदेश देते हुए रैली का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के भंडारी कर्मचारी समाज के सभी बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। रैली के माध्यम से गुरु घासीदास चौक होते हुए बड़ा बाजार, सिंधी कॉलोनी पड़ाव चौक, बालानी चौक होते हुए नगर का भ्रमण किया गया। रैली का जगह-जगह पुष्पमाला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सतनाम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता विकास खाण्डेकर, अजय पात्रे, कुंज बिहारी डायरी, अनिल प्रबल, सतानंद घृतलहरे, नील कुमार घृतलहरे, धीर सिंह बंजारे, राजेश खन्ना, लक्ष्मीकांत जडेजा, संजीत बनर्जी, खुमान ओगरे, कमल प्रसाद जांगड़े, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, कुमान भास्कर खेमचंद, बजरंग, राजेश खन्ना, नील, रेश दिवाकर, रजीत बारियह, लक्ष्मीनारायण आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।